### ठगी करने वाले प्रबंधक पर कार्यवाही सवालों के घेरे में, पूरे जिले में कई समितियों में गोलमाल

# खाद की कालाबाजारी मामले में पहुंची जांच टीम, बगले झांकते नजर आए अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

विगत दिवस बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति शिकारपुर में खाद की कालाबाजारी और कम वजन और अधिक मूल्य की शिकायत पर रविवार को अधिकारियों की एक टीम पहुंची। जो कि मीडियाकर्मियों के सवालों पर बगले झांकते नजर आई। उनकी जांच का मुख्य उद्देश्य जांच में ऐसी लापापोती करना था कि टीएल की बैठक में कलेक्टर साहब को संतुष्ट किया जा सके और जांच निष्कर्ष पर समिति प्रबंधक सुरेंद्र माहोरे को बचाया जा सके।






दरअसल यह मामला कोई आज कल का मामला नहीं है। पूरे मोहखेड़ ब्लॉक में समिति प्रबंधक मिलकर प्लानिंग के तहत किसानों पर निरंतर अत्याचार कर रहे है। खाद के लिए लंबी लाइन और सेटिंग से किसान बेहद परेशान है। गांव का रसूखदार पटेल अपनी सेटिंग के तहत अपने हिस्से से ज्यादा की खाद का क्रय कर लेता है वहीं गरीब किसान सुबह चार बजे से लाइन में लगकर खाद का क्रय करता है। यह नजारा कोई आज कल का नहीं महीनों से यह कहानी अखबारों की सुर्खियों बनती आम जनता को नजर आ रही है। परंतु कृषि विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही के नाम पर लीपापोती करने में इसलिए लगे है क्योंकि उन्हें तो हर माह उनका हिस्सा मिल जाता है। यही कारण तो है कि वे एक ही पद पर एक ही सीट पर बरसों से जमे है। डीएस घाघरे इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है जो कृषि विस्तार अधिकारी है और विगत 15 सालों से भी ज्यादा समय से मोहखेड़ में ही पदस्थ है और यही सेवानिवृत्त होने की तैयारी भी है। एक ही जगह पर अगर अधिकारी जमे रहेंगे तो वे समिति प्रबंधक को बचाने का काम करेंगे ही। 1720 एमआरपी की खाद को 1850 रूपए में बेचना जांच में पाया गया। इस बात का खुलासा डीएस घाघरे ने बार बार पूछने पर दबी जुबान से कहा कि ठगी करने वाले प्रबंधकों को कृषि विभाग के अधिकारी क्यों बचा रहे है, यह बड़ा सवाल है।



## पूरा स्टाफ है शामिल

शिकारपुर की सहकारी समिति में जो ठगी की गई है। इसमें पूरा स्टाफ शामिल है क्योंकि जब मीडियाकर्मी वहां पर पड़ताल करने पहुंची तो पूरा स्टाफ गोलमाल करने में लगा था और मीडियाकर्मियों के पास कई अन्य नेता नगरी के फोन कॉल्स आ रहे थे कि मामला ज्यादा उछाला न जाए।



### जिले में और भी है मामले

जिले में सेवा सहकारी समितियों के गोलमाल का यह पहला मामला नहीं है। समिति प्रबंधकों का पता है कि पैसों का लेन देन कर मामले को रफादफा किया जा सकता है क्योंकि वे ऐसा हमेशा ही करते चले आ रहे है और उन्हें अब भी लग रहा है कि इस मामले में कोई बड़ी कार्यवाही नहीं की जाएगी।

### शिकायतकर्ता ने कड़ी कार्यवाही की मांग

इस मामले में शिकायतकर्ता भगतराम माहोरे ने समिति प्रबंधक पर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है। अगर यह कार्यवाही लीपापोती कर दबाने का प्रयास किया गया तो वे न्यायालय की शरण लेंगे और जिम्मेदार जांच अधिकारी भी अनायास ही कार्यवाहियों का शिकार होंगे।

### जिला कलेक्टर दिए थे निर्देश, क्या होगी एफआईआर

विगत टीएल की बैठक में कलेक्टर छिंदवाड़ा ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि जो भी विक्रेता किसानों के साथ ठगी करते हुए निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर खाद का विक्रय करेगा उस पर एफआईआर की जाएगी। कलेक्टर के निर्देशों को भी ताक पर रहने वाले समिति प्रबंधक क्या कलेक्टर के आदेश को नहीं मानते या नहीं समझते। इनके ऊपर एफआईआर की कार्यवाही अगर नहीं की गई तो यह माना जाएगा कि कार्यवाही के नाम पर सब सेटिंग का खेल चल रहा है और इसकी चुनौती न्यायालय में दी जाएगी।

### ये गए थे जांच अधिकारी

उपायुक्त सहकारिता जांच जीएस डेहरिया, कृषि विभाग छिंदवाड़ा धीरज ठाकुर, एसडीओ एन के पटवारी, एडीओ मोहखेड़ डी एस घाघरे, सहकारिता निरीक्षक पी एस माहोरे।

### शहर में जल रहे अलाव, गर्म कपड़ों का ले रहे लोग सहारा

## खुले में सोने वालों को रैन बसेरों तक पहुंचाने निगम का रात्रि अभियान जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर हरेंद्र नारायण और नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय के निर्देश पर शनिवार की देर रात सड़कों, फुटपाथों और अन्य खुले स्थानों पर सो रहे लोगों को उठाकर निगम संचालित रैन बसेरों में पहुंचाया। इस अभियान का उद्देश्य खुले में सो रहे जरूरतमंदों को सुरक्षित ठिकाना उपलब्ध कराना था।देर रात फंसे यात्रियों की भी मदद की गई। टीम ने उन्हें संबंधित बसों में बैठाकर उनके गंतव्य की ओर रवाना किया।शहर के विभिन्न स्थानों पर अलाव की व्यवस्था का निरीक्षण किया गया ताकि ठंड से राहत देने वाले अलाव लगातार जलते रहें और जरूरतमंदों को लाभ मिलता रहे। नगर निगम ने आमजन से अपील की है कि वे खुले में न भटकें और उपलब्ध कराई जा रही हीटर, गर्म बिस्तर और निशुल्क शौचालय सुविधा वाले रैन बसेरों में ठहरकर सुरक्षित रहें।इस निरीक्षण एवं राहत अभियान का नेतृत्व निगम उपायुक्त आर.एस. बॉथम ने किया साथ में जनसंपर्क अधिकारी अभिषेक गुप्ता, सिटी मैनेजर उमेश पयासी और निगम के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



## गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने निकाली बैलगाड़ी रैली, सौंपा ज्ञापन

### बैल बने पुरूषों ने टांगा सांसद और केंद्रीय मंत्री का फोटो



**छिंदवाड़ा।** अमरवाड़ा ब्लॉक में किसानों की बदहाली एवं न्यूनतम विक्रम मूल्य लागू न होने, बिजली कटौती, सिंचाई संकट और माचागोरा लिफ्ट इरिगेशन योजना में 20 वर्षों की देरी के विरोध में गत दिवस गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, **GSU**, **JBD Group**, राष्ट्रीय क्रांति मोर्चा और किसान संगठनों ने बैलगाड़ी रैली निकालकर अमरवाड़ा एसडीएम कार्यालय का घेराव किया। किसानों ने सांकेतिक रूप से दो बैलों पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और छिंदवाड़ा सांसद बंटी साहू के नाम लिखकर संदेश दिया कि "किसानों की कमान अब पूंजीपतियों के हाथ में नहीं, किसानों के हाथ में होनी चाहिए।"एसडीएम ने स्वीकार किया न्यूनतम विक्रय मूल्य लागू होने का कोई आदेश हम तक नहीं पहुँचा"जब प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम अमरवाड़ा से प्रश्न किया कि 02 जून 2025 को कृषि मंत्रालय द्वारा जारी **MSP** आदेश आपके कार्यालय में क्यों लागू नहीं किया गया?"तो एसडीएम ने जवाब दिया। ऐसा कोई आदेश हमें प्राप्त नहीं हुआ।"यह जवाब सुनते ही किसानों में भारी आक्रोश फैल गया, क्योंकि **MSP** के सरकारी आदेश की प्रति रैली में उपस्थित प्रत्येक किसान के हाथ में थी। इससे यह सिद्ध होता है कि सरकार और प्रशासन संगठित रूप से **MSP** लागू न करते हुए किसानों को गुमराह कर रहे हैं। पूंजीपति और बिचौलियों को फायदा, किसान को नुकसान अमरवाड़ा, तामिया, हर्रई और चौरई में मक्का का दाम 1400–1600 रुपये/क्विंटल तक गिर चुका है, जबकि सरकार द्वारा घोषित **MSP** 2400 है। किसानों को हर क्विंटल पर 800–1000 रुपये का सीधा नुकसान। मंडी अधिनियम, **Essential Commodities Act**, अनुच्छेद 38, 39(**b**), 46 का खुला उल्लंघन। बिजली संकट 5–10 घंटे की कटौती, अवैध बिल सिंचाई पूरी तरह ठपकिसानों ने बताया कि ट्यूबवेल बंद, पूरी रात बिजली गायब, 10,000–25,000 तक के गलत बिल थमा दिए गए। खेत की फसल सूख रही है।

## गौ-वंश तस्करी एवं हत्या पर रोक लगाने के लिए सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद् के प्रांत अध्यक्ष राजू चरणागर द्वारा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, पुलिस महानिदेशक, जबलपुर रेंज के आईजी, तथा प्रदेश के सभी जिला पुलिस अधीक्षकों को एक महत्वपूर्ण ज्ञापन प्रेषित किया गया है। श्री चरणागर ने कहा कि प्रदेश में गौवंश तस्करी एवं गौहत्या के मामलों में समय–समय पर हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं पर आरोप लगाए जाते हैं, जबकि इन आरोपों की वास्तविकता सामने आना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने प्रशासन से मांग की कि- गौ-तस्करी एवं गौहत्या में लिप्त सभी व्यक्तियों की कॉल डिटेल ,मोबाइल नंबर ,बैंक खाते ,आर्थिक लेन–देन की गहन जाँच कर सच्चाई सार्वजनिक की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि इस प्रकार की निष्पक्ष जाँच की जाती है, तो मिलीभगत के आधार पर चल रही तस्करी एवं गौवंश हत्या पर प्रभावी रोक लगेगी और वास्तविक दोषियों का खुलासा हो सकेगा। श्री चरणागर ने यह भी आग्रह किया कि गौमाता की रक्षा के लिए कठोर कानून बनाते हुए प्रदेश में गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित किया जाए, ताकि वास्तविक गौ-सेवकों के प्रयास सार्थक हो सकें और समाज में जागरूकता बढ़े।




### दो साल से फंसा आमजन का सहारा, शिक्षा-इलाज-शादी जैसे जरूरी खर्चों के लिए भी नहीं बिक पा रही जमीनें

# आबादी मद की जमीन की रजिस्ट्री ठप्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

नगर में आबादी मद की जमीन की रजिस्ट्री बीते डेढ़ से दो वर्षों से ठप पड़ी है, जिससे आमजनता भारी परेशानियों से जूझ रही है। कभी शिक्षा, बीमारी, विवाह या अन्य जरूरी खर्चों के लिए लोग अपनी आबादी भूमि बेचकर तत्काल राहत पा लेते थे, लेकिन अब यही प्रक्रिया बड़े संकट का रूप ले चुकी है। हालांकि शिरीश घोडे, प्रकाश मेटांगले, अब्दुल गफ्फार, राधेशाम साठोने, अजय गायधने और अन्य नागरिकों ने कुछ माह पहले एसडीएम और कलेक्टर कार्यालय में आवेदन देकर इस समस्या के जल्द समाधान की मांग की थी लेकिन समस्या अब भी जब की तस है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उप-पंजीयक कार्यालय द्वारा आबादी क्षेत्र की भूमि की रजिस्ट्री के लिए कलेक्टर की अनुमति अनिवार्य बताई जा रही है। रजिस्ट्री ऑफिस की कर्मचारी प्रीति विश्वकर्मा का कहना है कि "पांढुर्ना का अधिकांश हिस्सा अधिसूचित क्षेत्र में आता है, इसलिए यहां की भूमि रजिस्ट्री नियमानुसार केवल कलेक्टर की अनुमति से ही संभव है।" जब उनसे पूछा गया कि पिछले 50 वर्षों से यह रजिस्ट्री बिना अनुमति के सुचारू रूप से होती आ रही थी, तो इस नियम में अचानक आए बदलाव का स्पष्ट कारण वे नहीं बता सकीं।



### 50 प्रतिशत नागरिक आबादी भूमि पर

पांढुर्ना के लगभग 30 वार्डों में से 15-20 वार्ड पूरी तरह आबादी मद की भूमि पर बसे हुए हैं। यहां लोग 100-200 सालों से परंपरागत रूप से रह रहे हैं। दो वर्ष पहले तक जरूरत पड़ने पर लोग अपनी जमीन का सौदा कर तुरंत रजिस्ट्री करा लेते थे। परिवार में बीमारी हो, किसी सदस्य की शादी हो, या बच्चे की उच्च शिक्षा के लिए धन चाहिए। ऐसी समस्याओं से उबरने के लिए जमीन ही उनकी सबसे बड़ी संपत्ति और संकटमोचक साबित होती थी। लेकिन पिछले दो वर्षों में हालात पूरी तरह बदल गए हैं। न तो रजिस्ट्री हो पा रही है, न ही बैंक ऐसी जमीनों पर लोन देने के लिए तैयार हैं। इससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग बुरी तरह प्रभावित और परेशान है। जिन लोगों के परिवार में उपचार, पढ़ाई या विवाह जैसी अनिवार्य जरूरतें पैदा हो रही हैं, वे आर्थिक संकट में फंस गए हैं और उपाय न मिलने से गहरी निराशा का सामना कर रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन को तत्काल समाधान निकालकर रजिस्ट्री प्रक्रिया को पूर्ववत करना चाहिए, ताकि आमजन को राहत मिल सके और उनकी वर्षों पुरानी जमीनें उनके ही लिए मुसीबत न बनें।

हरिभूमि

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 519. देवेन्द्र निर्मलकर पिता\पति दौलत राम निर्मलकर पता- दुर्गा चौक, मठपुरैना रायपुर, 520. दिशा वर्मा पिता\पति अनिल कुमार वर्मा पता- सद्दू LIG-717 RAIPUR, 521. भोला राम वर्मा पिता\पति स्व.रतन लाल वर्मा पता– रायपुर, 522. अमित साहू पिता\पति गौकरण साहू पता- प्रगति विहार कॉलोनी संतोषी नगर, 523. शुभम कुमार सिन्हा पिता\पति गंगा प्रसाद सिन्हा पता- राजा तालाब रायपुर, 524. राजा शा पिता\पति अनवर शा पता- गोकुल नगर रायपुर, 525. गया प्रसाद मानापुरे पिता\पति बाबू जी मानापुरे पता- प्रेम नगर गुढ़ियारी, 526. बरखा तिवारी पिता\पति दीपक कुमारतिवारी पता- टेकारी मंढार रायपुर, 527. अविनाश साहू पिता\पति हिरेन्द्र कुमार साहू पता- बढाई पारा ब्रम्देव मंदिर के पास रायपुर, 528. लोमश कुमार साहू पिता\पति गणेश राम साहू पता- खोरपा रायपुर, 529. भोजराज साहु पिता\पति तुकाराम साहु पता- कुरूद, 530. सूरज कुमार पिता\पति सुरेश पता- रावनगुंडा कुरूद, 531. शिवम् कुमार सहू पिता\पति धनेश राम साहू पता-ग्राम-बकली, 532. कु. मोनिका गुप्ता पिता\पति अमर नाथ गुप्ता जी पता- मठ मंदिर चौक धमतरी, 533. अमन अग्रवाल पिता\पति अजय अग्रवाल पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 534. अर्चना दुबे पिता\पति बी. एस.तिवारी पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 535. मनवीर राज कौर पिता\पति शंद्री सिंह जगमहिमा पता- डोंगरगढ़, 536. रीतू वर्मा पिता\पति देवेन्द्र वर्मा पता- वार्ड न.09 कोविया, 537. नरेश साहू पिता\पति किशन लाल पता- संजय नगर कांकेर, 538. श्रीमती जानकी देवांगन पिता\पति श्री जगदीश प्रसाद देवांगन पता- डौंडी लोहारा, 539. सोमेश पाण्डेय पिता\पति स्व. मदन प्रसाद पाण्डेय पता- जगदलपुर, 540. संदीप कुमार सेन पिता\पति रघुराज सेन पता- शंकर नगर वार्ड न.-09, 541. श्री राम साहू पिता\पति जी.आर.साहू पता- रामनगर कवर्धा, 542. जलेन्द्र कुमार साहू पिता\पति महेंद्र कुमार साहू पता- सुहेला, 543. कशिश नेताम पिता\पति हरिशंकर नेताम पता- आर.ई.एस.कॉलोनी कोंडागांव, 544. काजल साहू पिता\पति दया राम साहू पता- बजरंग पारा कोहका, 545. शौर्य जंघेल पिता\पति हिरेन्द्र जंघेल पता- लक्ष्मी नगर सुपेला, 546. मेघा साहू पिता\पति मोहन लाल साहू पता- सरस्वती कुंज रिसाली भिलाई, 547. श्रीमती आशा ताम्रकार पिता\पति स्व. भारत भूषण ताम्रकार पता- म.न.20/1 नेहरू नगर पूर्व भिलाई, 548. धीरज कुमार पिता\पति फूलचंद प्रसाद पता- खुर्शिपार जोन-03 भिलाई, 549. अश्वनी कुमार साहू पिता\पति बी.आर साहू पता- राकेश चौक वार्ड न.04 जरवाय भिलाई 03, 550. यशवंत कुमार पिता\पति घनाराम नेताम पता- प्लाट न.182/3 व्ही.आई. पी नगर, 551, अजय कुमार पाण्डेय पिता\पति अश्वनी कुमार पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 552. भूपेश कुमार यादव पिता\पति कैलाश प्रसाद यादव पता- दुर्गा मंदिर के पास खुर्शिपार भिलाई, 553. कशिश साहू पिता\पति हिरामत लाल साहू पता- नयापारा उतई, **बिलासपुर संस्करण** – 554. पूर्णिमा पिता/पति समिति दफाई कोरिया कॉलोरी, 555. रितेश गुप्ता पिता/पति राजेन्द्र गुप्ता पता- बाजार पारा बैकुंठपुर, 556. रोहित कुमार पिता/पति कृष्णा कुमार साहू पता- तलवा पारा बैकुंठपुर, 557. प्रियंका गुप्ता पिता/पति दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- तलवा पारा, 558. योगेश चंद्रा पिता/पति पन्नालाल चंद्रा पता- स्कूल पारा बैकुंठपुर, 559. गोविंद कुमार पिता/पति प्यारे मोहन पता- कचहरी पारा बैकुंठपुर, 560. नैना चौरसिया पिता/पति फते बहादुर चौरसिया पता- बैकुंठपुर, 561. दीपक कुमार जायसवाल पिता/पति अशोक कुमार जायसवाल, पता- सकरीया, 562. हर्ष यादव पिता/पति खिलानंद यादव पता- स्कूल पारा ओड़गी, 563. स्वाती गोयल पिता/पति सुशील गोयल पता- चरचा कोलोरी, 564. संदीना पिता /पति मो. अबूताब अंसारी पता- महाराणा प्रताप अंसारी चरचा, 565. सुष्मिता यादव पिता /पति स्कूल पारा ओड़गी बैकुंठपुर कोरबा जिला, 566. अहमद रजा खान पिता/पति अंजार अहमद खान पता- सीतामढी बाल्को कोरबा, 567. श्रीमती शीतला साहू पिता/पति संजय साहू पता- दीपका कोरबा, 568. बबीता चौहान पिता/पति विषम चौहान पता- कोरबा, 569. सतीश चौहान पिता/पति सुखीराम चौहान पता- पोड़ीमार भदरापारा बाल्को कोरबा, 570. संस्कार राठौर पिता/पति ब्रम्हानंद राठौर पता- हरदीबाजार कोरबा, 571. श्री अजय खैरवार पिता/पति रामप्रसाद खैरवार पता- बाजार मोहल्ला बाल्को कोरबा, 572. नावानोनी यादव पिता/पति बबलू यादव कोरबा, 573. गायत्री भारद्वाज पिता/पति नंदकुमार भारद्वाज पता- नेहरू नगर बाल्को, 574. प्रदीप सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- शांति नगर बाल्को, 575. महेन्द्र कुमार बांधकर पिता/पति जनकराम बांधकर पता- इंदिरा नगर बाल्को, 576. कमलेश कुमार साहू पिता/पति श्याम लाल साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, **भोपाल संस्करण** – 577. राजेश वर्मा पिता\पति नाथूलाल वर्मा पता- फेस-2 कान्हा कुंज अकबरपुर भोपाल, 578. साधना सेन पिता\पति रोशनलाल पता- नयाबसेरा कोटरा, 579. हिमांशी पिलवान पिता\पति मगनदास पता- पिलवान 824 दुर्गा नगरकोलार, 580. दीपक दिलवारिया पिता\पति जयनारायण दिलवारिया पता- नेहरू नगरमेन रोड, 581. सपना वर्मा पिता\पति राममनोहर वर्मा पता- विदिशा, 582. शेखर नामदेव पिता\पति सेवाराम नामदेव पता- विदिशा, 583. सुदीप नामदेव पिता\पति शिवराम नामदेव पता- विदिशा, 584. शाश्वत शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी विदिशा, **जबलपुर संस्करण** – 585. सिलिवया मसीहा पिता\पति चंद्रभान पता- कोतमा, 586. अभिनय सोनी पिता\पति कैलाश सोनी पता- वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर, 587. अनिल कुमार गुप्ता पिता\पति धन प्रसाद गुप्ता पता- कोतमा अनूपपुर, 588. मनीष सेन पिता\पति केदार प्रसाद सेन पता- पुरानी बस्ती कोतमा वार्ड नंबर 6 अनूपपुर, 589. सुयश जैन पिता\पति मनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 590. यातिका केवट पिता\पति हरी लाल केवट पता- ग्राम पौड़ी कोतमा अनूपपुर, 591. कार्तिक सेन पिता\पति अशोक सेन पता- कोतमा अनूपपुर, 592. शिफरा पिता\पति मो सरफराज वार्ड क्रमांक 7 प्रो में अनूपपुर।

नियम एवं शर्ते लागू*

**शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

## रघुनंदन व खुशी सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

# संभागीय एथलेटिक्स में छिंदवाड़ा व सिवनी ओवरऑल बना विजेता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस छिंदवाड़ा के तत्वावधान में ऐथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें बालाघाट सिवनी पांढुरना एवं छिंदवाड़ा जिले के 36 पुरुष वर्ग एवं 20 महिला महाविद्यालय ने सहभागिता सुनिश्चित की । दो दिवसीय प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में माननीय विवेक बंटी साहू सांसद एवं कार्यक्रम अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह बैस खेल प्रमोटर की उपस्थिति में सम्प्पन हुआ इस अवसर पर वाय के शर्मा प्राचार्य पी जी कॉलेज, सीताराम शर्मा, सौरभ ठाकुर ,नवीन बारस्कर, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महाकौशल प्रांत से गौरव शुक्लाजी, संगठन मंत्री महंत सत्यम मानिकपुरी,मोहित डेहरिया,राजू नरोट,कुणाल नीरवड़े,डॉ रानी साहू,रिजवान कुरैशी, शिवा सरसवार जावेद खान विशेष रूप से उपस्थित रहे सांसद विवेक साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि छिंदवाड़ा पी जी कॉलेज में खेल के विकास के लिए हर संभव प्रयास किये जायेंगे तथा खिलाड़ियों को आगामी उच्च स्तरीय प्रतियोगिता के लिए तैयार किया जाएगा , साथ ही आउटडोर स्टेडियम की कार्ययोजना बना की बजट उपलब्ध कराने की बात कही।अतिथियों द्वारा सभी विजेता ,उपविजेता तथा तृतीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को ट्राफी ,मैडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का संचालन प्रतियोगिता के सचिव डॉ सुशील पटवा ने किया तथा आभार प्रदर्शन अजय सिंह ठाकुर ने किया । परिणाम इस प्रकार है

100 मी प्रथम रविंद्र द्वितीय गगन साहू तृतीय निश्चल

200 मी प्रथम निश्चल द्वितीय अश्विन तृतीय विकास

400 मी प्रथम गगन साहू द्वितीय दीपक तृतीय विकास

800 मी प्रथम सौरव द्वितीय दीपक तृतीय विकास

### हर्ष पवार भारतीय तटरक्षक बल में हुआ चयन

**सौंसर।** नगर के वार्ड क्रमांक 10 निवासी युवा हर्ष अनिल पवार ने अपने पाँचवें प्रयास में इंटरव्यू शानदार तरीके से पास करते हुए भारतीय तटरक्षक बल में असिस्टेंट कमांडेंट पद पर चयनित होकर 10 वी रैंक हासिल की है। क्षेत्र के युवा को मिली इस सफलता को लेकर बड़ी संख्या में विभिन्न सामाजिक प्रशासनिक धार्मिक सांस्कृतिक राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े हुए लोगों के द्वारा युवॉ हर्ष के निवास स्थान पर पहुंच कर बधाइयां शुभकामनाएं दी जा रही है।पूरे जिले के लिए यह विशेष इसलिए हे क्योंकि हर्ष पवार पांढुर्णा जिले से चयनित होने वाले प्रथम अधिकारी बने हैं,जिन्होंने अपनी मेहनत, लगन और मजबूत इरादों से पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। चर्चा के दौरान हर्ष ने इस सफलता का श्रेय अपने परिजनों अपनी माता पिता को दिया है। इस उपलब्धि पर जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड, सौसर एसडीएम सिद्धार्थ पटेल के अलावा बड़ी संख्या में समाज बंधुओ ने पहुंचकर युवक, परिजनों को शुभकामनाएं प्रेषित की है। चर्चा के दौरान युवॉ हर्ष ने बताया कि छात्र-छात्राओं ने निरंतर कॉम्पिटेटिव एक्जाम के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं की तैयारी करते रहना चाहिए भले ही असफलता मिले परंतु प्रयास कभी खाली नहीं जाते हैं। कड़ी मेहनत और परिश्रम से सफलता जरूर मिलती है।



### बोरी बंधान कर जल संरक्षण की दिलाई शपथ



**जुन्नारदेव।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की मंशा के अनुसार म.प्र.जन अभियान परिषद भोपाल और कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशन में म.प्र. जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के नेतृत्व एवं विकासखंड समन्वयक संजय बामने की उपस्थिति में नवांकुर संस्था पंख सामाजिक विकास संस्थान जुन्नारदेव की सदस्य सुश्री विनीता पंद्राम के साथ मिलकर जनसहयोग से सेक्टर क्रमांक-01 खुमकाल के अंतर्गत आने वाले ग्राम बेलगांवमाल में स्थित कोका भाटा नाला में एमएसडब्ल्यू प्रथम वर्ष के छात्र इतरलाल तुमडाम के विशेष सहयोग तथा उनकी टीम द्वारा 140 बोरी का बोरी बंधान कार्य, श्रमदान व सभी के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक संजय बामने ने कहा कि वर्तमान एवं भविष्य की मानवीय माँग को पूरा करना और जल संकट से बचना केवल जल संरक्षण से ही संभव है। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सभी नीतियों, रणनीतियों और गतिविधियों को शामिल किया गया है। जनसंख्या, परिवार का आकार, विकास और समृद्धि, ये सभी इस बात को प्रभावित करते हैं कि पानी का कितना उपयोग किया जाता है। बोरी बंधान के बाद मेंटर श्री गोविंद नंदवंशी ने जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई। इस कार्यक्रम में एमएसडब्ल्यू द्वितीय वर्ष की छात्रा अनिता तुमडाम, रीता कुशराम एवं प्रथम वर्ष की छात्रा दीपिका उईके, रितु उईके तथा बीएसडब्ल्यू द्वितीय वर्ष के छात्र महेश बिसंद्रे एवं नीतू उईके, विष्णु तुमडाम, बबलू तुमडाम, इनोज तुमडाम, कैलाश तुमडाम, शिलाबती उईके, सम्मूलाल धुर्वे, मायाबती उईके, हरिनारायण उईके, धीरन उईके आदि व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### चौरई एसडीएम ने 273 बीएलओ को किया सम्मानित



**चौरई।** एसडीएम प्रभात मिश्रा ने विशेष गहन पुनः निरीक्षण अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 273 बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) एवं सहायक बी एल ओ,सुपर वाइजर, नोडल अधिकारी को सम्मानित किया। यह सम्मान समारोह स्थानीय अन्नपूर्णा लॉन में आयोजित किया गया। अभियान में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले बीएलओ को प्रशस्ति पत्र भी भेंट किए गए।एसडीएम प्रभात मिश्रा ने इस अवसर पर कहा कि अभियान की सफलता में बीएलओ की मेहनत और समर्पण सबसे बड़ी ताकत रही। उन्होंने बताया कि बीएलओ ने घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया, नए मतदाताओं के नाम जोड़े और मतदाता सूची की त्रुटियों को सुधारकर उसे अधिक शुद्ध व अद्यतन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कई बीएलओ ने तीन से अधिक बार घर-घर जाकर यह कार्य किया।इस कार्यक्रम में नायब तहसीलदार पुष्पेंद्र पांडे, नायब तहसीलदार , सी एम ओ अभय राज सिंह, बी ई ओ आर के बघेल सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। बीएलओ के सम्मान में भोज का भी आयोजन किया गया।

### सांदीपनी स्कूल के 2 विद्यार्थी जाएंगे गुजरात

**पांढुर्ना।** संदीपनी विद्यालय पांढुर्ना के 2 विद्यार्थियों का चयन गुजरात भ्रमण के लिए हुआ है। सांदीपनी विद्यालयों में वर्ष 2025 में 10 वीं में सर्वोच्च अंकों से उत्तीर्ण होनेवाले हर विद्यालय के 2 छात्रों का गुजरात भ्रमण हेतु चयन किया जाना था। पांढुर्ना सांदीपनी विद्यालय से कु. मोनिका डोबले एवं चेतन पराडकर जाना तय हुआ है। राष्ट्रीय डायमंड जुबली एवं 19 वीं राष्ट्रीय स्काउट गाईड जंबुरी मैदान में संपन्न शिविर में जाने लिए कक्षा 11 के हर्श रेवतकर तथा तन्मय कवडेती का चयन हुआ था। गत दिवस शाला के प्रार्थना सभा में इन चारों विद्यार्थियों को प्राचार्य सीएस बरेठ ने पुरस्कृत कर सम्मानित किया। उपप्राचार्य वीणा मनकवडे, परीक्षा प्रभारी जयमाला वागद्रे, विपिन बावनकर तथा स्काउट प्रभारी रामकृष्णा बालपांडे ने उक्त चारों छात्रों को शुभकामनाएं प्रेषित की।

# सांसद की ओर से मिली सांत्वना राशि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| परासिया

सांसद स्वदेशी मेला समिति द्वारा जिले के सीरप कांड से मृत बच्चों के परिजनों को समिति के सदस्य एवं वरिष्ठ भाजपा नेताओं की उपस्थिति में 20 - 20 हजार रुपए की राशि दी गई । परिवार जनों को सांसद की घोषणा के पश्चात सांत्वना स्वरूप प्रदान की गई ।इस अवसर पर मेला समिति के सदस्य रितेश जैन , प्रशांत पराड़कर , आशीष पटौदी , सुनील नय्यर , रानू जैन , सहवाल खान तथा भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला महामंत्री परमजीत सिंह विज , मंडल अध्यक्ष दविंदर बल्लू नागी , परासिया नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय , जाकिर भाई , न्यूटन से वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पार्षद जयंत राय , इंद्रपाल साहू , नमन जायसवाल , अश्विनी , बिट्टू भनारिया , टीकू खंडारे , श्याम श्रीवास्तव , हरि आठनकर एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### सर्वार्थसिद्धि का हुआ भव्य शिलान्यास

**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में जैन समाज की बेटियों के लिए धार्मिक एवं लौकिक उच्च शिक्षा हेतु समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संस्थापित एवं संचालित सर्वार्थ सिद्धि के निर्माणाधीन परिसर रायसेन रोड पर छात्रावास का भव्य शिलान्यास समारोह छिंदवाड़ा सहित पूरे देश से सम्मिलित हुए जैन बंधुओं की उपस्थिति में विविध अनुष्ठानों के साथ संपन्न हुआ।जिनशासन सेवक दीपक राज जैन ने बताया कि भव्य शिलान्यास समारोह अशोक जैन अध्यक्ष तीर्थधाम ज्ञानोदय की अध्यक्षता में ताराचंद जैन विधायक उदयपुर शहर राजस्थान के मुख्य आतिथ्य एवं सुरेश जैन आईएएस, न्यायमूर्ति श्रीमती विमला जैन, न्यायाधीश अरविंद जैन, न्यायाधीश सचिन जैन, वीरेन्द्र जैन ज्ञायक बांसवाड़ा, पण्डित रजनी भाई दोशी हिम्मतनगर, पंडित विराग शास्त्री जबलपुर, डॉ अरुण जैन जयपुर, महेन्द्र चौधरी भोपाल, श्रीमती रजनी जैन रायसेन, सुधीर जैन कटनी, डॉक्टर गुलाबचंद जैन घुवारा, सुमतिलाल लुणदिया बांसवाड़ा, प्रतीक गाँधी इन्दौर के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ।

### विद्यार्थियों ने मनाया 11वां वार्षिकोत्सव



**बिछुआ।** आई.टी. इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल झामटा बिछुआ में गुरुवार को विद्यालय का 11वां वार्षिकोत्सव बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एवं उपस्थित पालकों द्वारा दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पूजा-अर्चना के साथ हुई। विद्यालय परिसर में छात्रों, अभिभावकों और अधिकारियों की उपस्थिति ने उत्सव का माहौल और भव्य बना दिया।कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्वागत गीत, समूह नृत्य, नाटक एवं आकर्षक नृत्यांकनों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रंगोली, कोलाज तथा अन्य रचनात्मक गतिविधियों में बच्चों की सहभागिता उल्लेखनीय रही। विद्यालय के संगीत शिक्षक नितिन साहू के मार्गदर्शन में प्रस्तुत किए गए गीत-संगीत कार्यक्रमों को विशेष सराहना मिली।विद्यालय प्रबंधन की ओर से संचालक तथा शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों के मनोबल को बढ़ाने और उनके प्रयासों की प्रशंसा की गई।प्राचार्य श्रीमती पूजा बोढ़े ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, प्रतियोगी परीक्षाओं में छात्रों के प्रदर्शन तथा सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयासरत है। उन्होंने मुख्य अतिथि एवं अभिभावकों द्वारा बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करने पर आभार व्यक्त किया तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता दोहराई।अंत में मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वश्रेष्ठ नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुति को विजेता घोषित कर ट्रॉफी प्रदान की गई।

## जल्द होगा विशाल किसान आंदोलन

**पांढुर्ना।** कल 6 दिसंबर को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में कांग्रेस की बैठक हुई जिसमें किसानों की बढती समस्याओं को देखते हुए विशाल किसान आंदोलन की रूपरेखा पर चर्चा की गई। आगामी कुछ दिनों में किसान आंदोलन की रणनीति बनाकर इसकी तारीख तय की जाएगी।

इस बैठक में गंगाप्रसाद तिवारी, सुरेश कपाले, जिला कांग्रेस अध्यक्ष जतन उईके, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वास कांबे, नगर कांग्रेस अध्यक्ष जयंत घोडे, विजय चौधरी, रवि खापरे, सोपान कोहले, हरनाम सिंग, बंटी ठाकुर, युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, एनएसयुआय, एससी प्रकोश्ठ, आदिवासी पकोश्ठ, किसान संगठन के अनेक पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# बाबा साहब का महापरिनिर्वाण दिवस दमोह में श्रद्धापूर्वक मनाया



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** संविधान निर्माता, भारत रत्न डॉ. बाबा साहब आंबेडकर का 69 वां महापरिनिर्वाण दिवस दमोह में अत्यंत श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाया गया। रमाबाई महिला मण्डल एवं डॉ. आंबेडकर मण्डल दमोह के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में बाबा साहब के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई और उनके सपनों के भारत को साकार करने का संकल्प लिया गया।प्रज्ञादीप बुद्ध विहार परिसर स्थित डॉ. आंबेडकर प्रतिमा के समक्ष आयोजित इस मुख्य समारोह में पूज्य भंते बोधि धम्म ने दीप प्रज्ज्वलित कर सामूहिक बुद्ध वंदना और त्रिशरण पंचशील का पाठ कराया। वातावरण में शांति और करुणा का समावेश था।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, श्री किसन मेरावी, प्राचार्य (शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र परसवाड़ा), ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने ओजस्वी संबोधन में उन्होंने कहा, ₹डॉ. बाबा साहब आंबेडकर केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक युग, एक आंदोलन थे। वह सर्वहारा समाज के सच्चे मसीहा थे, जिन्होंने हमें अंधकार से निकालकर समानता, न्याय और सम्मान का जीवन जीने का अधिकार दिलाया। उनका सबसे बड़ा योगदान भारतीय संविधान है, जिसने इस देश के हर नागरिक को एक वोट और एक मूल्य की शक्ति प्रदान की। शिक्षा के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन का उनका संदेश आज भी प्रासंगिक है।बड़ी तादाद में उपस्थित बौद्ध उपासक-उपसिकाओं ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन धारण कर अपने विनम्र भाव प्रकट किए। यह उपस्थिति बाबा साहब के आदर्शों के प्रति अटूट आस्था का प्रतीक थी।इस अवसर पर स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता आयुष्मान सर्वश्री एस. आर. उके, सुखचैन सत्यटेके, जितेन्द्र वासनिक, छब्बीलाल कोल्हेकर, सुन्दरलाल खोबरागड़े, सुमरनलाल खोबरागड़े, आशीष उके, तारेन्द्र उके, राजकुमार (फागू) रामटेके, तथा आयुष्मति संगीता उके, ममता भौतेकर, वंदना भेलावे,स्वेजा उके, चमन रामटेके, तेजलाल उके आदि ने सामाजिक दशा और दिशा पर चिंतन करते हुए एक मजबूत संदेश दिया।उन्होंने कहा, ₹बाबा साहब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि केवल उन्हें याद करने में नहीं है, बल्कि उनके सिद्धांतों—'शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो'—को अपने जीवन में आचरण करने में है। हमें उनके सपनों का समतामूलक समाज बनाने के लिए निरंतर कार्य करना होगा, जहाँ सभी को न्याय और अवसर प्राप्त हों।₹कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावी मंच संचालन उपसिका सपना रामटेके द्वारा किया गया।




## वाहनों को जाने-आने में हो रही थी भारी परेशानी

# वारा के शिवधाम से हटाया गया अतिक्रमण

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत वारा के शिवधाम मोहल्ले में 6 दिसंबर को ग्राम पंचायत द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही सरपंच सूर्यभान सिंह पूसाम व प्रवीण खरोले की उपस्थिति में प्रारंभ की गई। जिसमें नगर के वार्ड नंबर 3 से जुड़े शिव धाम मोहल्ले के मुख्य मार्ग पर जेसीबी के माध्यम से सडक के दोनों तरफ का अतिक्रमण हटाकर लोगों के द्वारा सडक तक बनाए गए ऊंचे पार्किंग स्थल को तोडा गया।

विदित हो कि वारासिवनी-बालाघाट सडक़ मार्ग पर ग्राम वारा में रेल्वे क्रासिंग के ऊपर से ओवर ब्रिज बनाने का कार्य चल रहा है। जिसमें वारासिवनी व बालाघाट छोर ऊपरी सडक़ व पिल्लर का कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। अब रेल्वे लाईन के ऊपरी हिस्से में ओवर ब्रिज के भाग का निर्माण किया जाना है। जिसके लिए रेल्वे विभाग के अनुरोध पर एसडीएम वारासिवनी ने 5 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक इस मार्ग पर आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित कर बायपास मार्ग से वाहनों का आवागमन करने के निर्देश जारी किए है। इसमें एक मार्ग लालबर्रा रोड होते हुए गायत्री मंदिर से आगे सीधे नेवरगांव से लवादा, तो दूसरा मार्ग नगर के वार्ड नंबर 4 गणेश मंदिर से शिवधाम पुलिया होते हुए वाराटोला मार्ग पर डायवर्ट किया गया है।

**सडक़ के आसपास ग्रामीणों ने कर लिया था अतिक्रमण:** लेकिन शिवधाम से वारा टोला मार्ग तक कई स्थानों पर नागरिकों द्वारा सडक़ के किनारे अतिक्रमण कर लिया गया है। जिससे सिर्फ 10 फीट चौड़ी ग्रामीण सडक़ है, जिसके आसपास नागरिकों द्वारा टीन शेड लगाकर घरों में गाड़ी चढऩे के लिए कांक्रीट कर या पेड़ पौधे उगाकर अतिक्रमण कर लिया गया था। जिसके कारण मार्ग पर लंबे समय से दो वाहन आपस में क्रॉस नहीं हो पा रहे थे। वहीं बड़ी दुर्घटना की संभावना किसी भी समय बनी हुई थी। ऐसे में बालाघाट रोड पूरी तरह बंद होने पर इस मार्ग से यातायात बढ़ गया था। जहां पर हर समय जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी।



**जेसीबी से हटाया अतिक्रमण, मार्ग हो गया है जर्जर:** जिसको देखते हुए ग्राम पंचायत वारा द्वारा राजस्व अधिकारियों को जानकारी देकर शनिवार को अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही प्रारंभ की गई। जिसमें ग्राम पंचायत द्वारा जेसीबी के माध्यम से मार्ग के शुरू से आखरी तक किनारे के अतिक्रमण और गंदगी को हटाने का कार्य किया गया। ताकि छोटे बड़े सभी प्रकार के वाहन आसानी से आवागमन कर सके। हालांकि इस मार्ग की हालत बहुत ज्यादा खराब हो गई हैं, जो पुनः निर्माण कार्य की स्थिति में पड़ी हुई है। किंतु जिम्मेदार अधिकारी इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिसका कारण लोगों को जर्जर रोड पर चलने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। ऐसे में ग्रामीणों के द्वारा उक्त मार्ग को दुरुस्त करने या नए मार्ग का निर्माण करने की मांग भी की जा रही है।

### इनका कहना हैं

वारा में रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा हैं। जिसके बीच भाग का निर्माण चालू होने से आवागमन बंद कर दिया गया है।

**सूर्यभान सिंह पूसाम सरपंच ग्राम पंचायत वारा**

## वीरांगना रानी अवंती बाई विद्यालय, लांजी में नवोदय मॉक टेस्ट सफलतापूर्वक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज लांजी।



"आलोक संघ" एवं "छू लो आसमान" के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नवोदय जागृति मॉक टेस्ट परीक्षा का आयोजन आज सुबह 11बजे से वीरांगना रानी अवंती बाई विद्यालय, लांजी में किया गया।- ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के कक्षापाँचवीं के छात्रों को नवोदय प्रवेश परीक्षा के पैटर्न से परिचित कराना।- 13दिसंबर2025 को निर्धारित मुख्य नवोदय परीक्षा के लिए छात्रों को तैयार करना।कुल 106 छात्रों में से 96 ने परीक्षा में भाग लिया।परीक्षा का संचालन ब्लॉक लांजी के आलोक संघ अध्यक्ष राजेश मस्करे के सहयोग से किया गया।

श्रीमती साक्षी लिल्हारे (डायरेक्टर, छू लो आसमान) लोकेश लिल्हारे (जी.एस.टी. कमिश्नर, जबलपुर)- निरीक्षण में भाग लेने वाले प्रमुख व्यक्तियों में शामिल हैं: टी.डी.लिल्हारे (सेवा-नि. प्राचार्य) सुखचंद लिल्हारे (सेवा-नि. शिक्षक) रुपलाल मस्करे, भरत नेवारे, प्रशांत मेश्राम, दिनेश रामटेककर, किशोर रामटेक्कर (पार्षद वार्ड09), श्री टी.डी.बिहोने (सेवा-नि. प्राचार्य), पवन कश्यप पत्रकार, श्री जे.डी.हनोते (शिक्षक) एवं अन्य।

**परीक्षा संचालन टीम शाला की शिक्षिकाएँ:** श्रीमती दमयन्ति राणे, कुमारी पुनम नेवारे, कु. दिक्षा कुशले, श्रीमती काजल किरमे।*परिवेक्षकः* श्रीमती प्रेमकुमारी तिड़के, कु. आंचल भंडारकर, कु. रिया भोंडेकर, झनकार कुशले, श्रीमती छाया हरिनखेड़े, कु. रोशनी वासनिक, श्रीमती भारती धारणे, श्रीमती सुचिता विजयवारे, श्रीमती पूर्णीमा पटले, श्रीमती वंदना बोहने, श्रीमती नम्रता दुरुगकर, श्रीमती तुमेश्वरी एड़े, श्रीमती सरिता नेवारे।

परीक्षा का परिणाम 13दिसंबर2025 को आयोजित मुख्य नवोदय परीक्षा के बाद घोषित किया जाएगा।- विद्यालय के प्रधानपाठक विजय कुमार कुशले ने सभी परीक्षार्थियों, उनके पालकों और सहयोगियों को आगामी मुख्य परीक्षा के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

## शास. उत्कृष्ट उच्च. माध्य. विद्या., लांजी में गणितविज्ञान ओलम्पियाड परीक्षा सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज लांजी।



प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा9वीं एवं10वीं के छात्रों के लिए गणित एवं विज्ञान ओलम्पियाड परीक्षा दो पाली में आयोजित हुई।पहली पाली (विज्ञान), प्रातः11:00से13:00बजे तक, दूसरी पाली (गणित), दोपहर2 बजेसे4 बजे तक।यह परीक्षा प्रदेश के विभिन्न विकासखंड मुख्यालयों में आयोजित की गई।

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, लांजी- नामांकित छात्र:507 - पहली पाली: 403 उपस्थित,104 अनुपस्थित - दूसरी पाली:439 उपस्थित,68 अनुपस्थित- सहभागी विद्यालय:विकासखंड लांजी के 24 शासकीय हाई-स्कूल एवं हायर-सेकेंडरी स्कूल, परीक्षा का उद्देश्य,छात्रों में गणित एवं विज्ञान के प्रति रुचि उत्पन्न करना- मानसिक योग्यता को विकसित कर भविष्य में इन क्षेत्रों में योगदान के लिए तैयार करना।

18 दिसंबर2025 (ऑनलाइन)-संभाग स्तरीय परीक्षा:21दिसंबर2025 (रविवार)- मेरिट के आधार पर चयनित छात्र राज्य-स्तरीय परीक्षा में भाग लेंगे।

पुरस्कार विवरण प्रथम 51,000रू, द्वितीय 31,000रू व तृतीय 21,000रू।

दो सांत्वना पुरस्कार 11,000 रू प्रत्येक परीक्षा संचालन समिति- *केन्द्राध्यक्ष:*प्राचार्यडी.के.फुल्लारे- *सहायक केन्द्राध्यक्ष:* रविता टाण्डेकर- *लिपिक:* जी.आर.चिखले, महेश ढोक- *पर्यवेक्षक (29):* पवन चौधरी, आर.जी.नगपुरे, बी.एस.सोनवाने, आर.के.नागदेवे, भूमेश्वरी बघेल, नंदकिशोर मेश्राम, मनोज नेवारे, मुनेश्वर उइके, पदमा धारने, निशा सोलंकी, निशा पटले, रीता घोंगडे, आनंद सोमनकर, सोविन्द येडे व अन्य शिक्षक

-भृत्य सहयोग:* विद्यालय के 4 भृत्य परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण रही और किसी भी प्रकार की नकल या अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

## 65 वर्षीय शख्स को नागपुर किया गया रेफर

# खजरी-खमरिया बाईपास में हुआ सड़क हादसा



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** खजरी-खमरिया बाईपास में दो बाइक के बीच जबरदस्त टक्कर हुई है। हादसे में 65 वर्षीय वृद्ध शख्स गंभीर रूप से घायल हुआ है। जिसे सरकारी अस्पताल कटंगी में प्राथमिक उपचार देने के बाद रेफर कर दिया गया है। परिजन घायल शख्स को बेहतर उपचार के लिए महाराष्ट्र की उपराजधानी नागपुर लेकर गए है। सड़क हादसे की सूचना मिलते ही संजीवनी 112 से ईएमटी डॉ गौरीशंकर पटले और पायलेट प्रवीण कावरे घटनास्थल पर पहुंचे। जिन्होंने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। मिली जानकारी अनुसार रविवार की सुबह करीब 11 बजे खमरिया-खजरी बायपास में पाथरवाड़ा की तरफ जाने वाले रास्ते में दो बाइक के बीच भिंड़त हो गई। हादसे में खैरलांजी निवासी शिवराम पिता बंशीलाल ठाकरे उम्र 65 वर्ष का दाहिना पैर टूट गया है और सिर पर अंदरूनी चोट आई है। वहीं बंशीलाल ठाकरे के साथ bबाइक में सवार उनकी धर्मपत्नी सतन बाई और नाती लुशांत को मामूली चोट है। बताया जा रहा है कि बंशीलाल अपने गांव खैरलांजी से कटंगी की तरफ आ रहे थे। वहीं सिवनी की तरफ से बाइक पर सवार होकर एक पुलिसकर्मी जो अरी में पदस्थ है वह अपने गांव सालेबर्डी की तरफ जा रहा था। पुलिसकर्मी और बंशीलाल ठाकरे की बाइक के बीच टक्कर हो गई।

## खबर संक्षेप

### जैन समाज का प्रतिनिधिमंडल आज आचार्य गुरुवर श्री समय सागर जी महाराज के दर्शन करने जबलपुर पहुंचा

हरिभूमि न्यूज सिवनी। प्रतिनिधि मंडल ने आचार्य गुरुवर श्री समय सागर जी महाराज ससंग से निवेदन कर लखनादौन पहुंचने का आग्रह किया , आचार्य श्री ससंग लखनादौन में अपने संघ के साथ लखनादौन पहुँचे और कुछ समय रूक कर धर्म देशना लखनादौन समाज को दे ऐसी भावना के साथ जैन समाज लखनादौन का प्रतिनिधिमंडल आज आचार्य गुरुवर समय सागर जीमहाराज के दर्शन करने पीसंनहारि की मडिया पहुंचकर निवेदन किया।, प्रतिनिधि मंडल में ब्रह्मचारिणी कविता दीदी के नेतृत्व में जी संजय श्राफ, देवेंद्र चौधरी ,अशोक चौधरी ,विनोद भारती, जीतू जैन, अतुल जैन, महिला मंडल से महिलाएं एवं लखनादौन जैन समाज से करीब 50 लोगों का प्रतिनिधिमंडल गुरुजी से मिला और निवेदन किया।

## ठंड के बढ़ते ही चोर हुए सक्रिय

# किसानों के मोटर पंप हुए चोरी, कार चोरी का प्रयास हुआ विफल

**छपारा :- ठंड के बढ़ते ही छपारा नगर में चोरी की घटनाओं की शुरुआत हो गई है। ज्ञात हो कि बीते शनिवार देर रात, एक तरफ जहाँ जामा मस्जिद कॉलोनी में घर के सामने खड़ी कार की चोरी करने का प्रयास हुआ,**

वहीं एन एच 44 फोरलेन बाईपास से लगे खेतों में दो किसानों के मोटर पंप जिसकी कीमत लगभग तीस हजार रुपए की चोरी हुई।

### कार चोरी का प्रयास हुआ विफल:

मिली जानकारी अनुसार जामा मस्जिद कॉलोनी निवासी शाकिर खान की शिफ़्ट कार को रात लगभग ढाई बजे के आसपास अज्ञात चोरों ने चुराने का प्रयास किया किंतु इस दौरान सेंसर चालू हो जाने से हल्ला होने के कारण लोग घर से बाहर निकल आए जिससे घबराहट में चोर कार के में मोबाइल फोन छोड़कर



भाग निकले। जानकारी मिलने पर छपारा पुलिस ने उक्त मोबाइल को जब्त कर जाँच शुरू कर दी है।

### किसानों के खेतों से मोटर हुई चोरी:

वहीं बीती रात नगर के एनएच 44 फोरलेन बाईपास रोड से लगे खेत में स्थित किसान विष्णु चंद्रवंशी और चंद्रशेखर श्रीवात्री सुबह अपने अपने खेत पहुंचे और जब किसान सिंचाई करने हेतु मोटर चालू करने गए तब पता लगा कि मोटर जगह पर नहीं थी। तब किसानों ने इस संबंध में छपारा पुलिस थाने में चोरी की घटना की शिकायत दर्ज कराई है।

वहीं सिंचाई कॉलोनी निवासियों ने इन चोरी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस से मांग की है कि कॉलोनी में स्थित पानी की टंकी के नीचे , जहाँ से किसान चन्दू श्रीवात्री की मोटर पंप चोरी की हुई है, उसके आसपास के क्षेत्र में रात के समय हमेशा असामाजिक तत्वों का डेरा रहता है, आवारा तत्व जमकर शराबनोशी करते हैं और गाली गलौज करते हैं अतः पुलिस की रात्री ग़श्ती के दौरान इस क्षेत्र का विशेष ध्यान दिया जाए जिससे आम आदमी राहत महसूस करे।वहीं नगर निरीक्षक ने मामलों की गंभीरता को देखते हुए जल्द ही चोरों को पकड़ने और असामाजिक गतिविधियों पर नकेल कसने का आश्वासन दिया है।

# कौस्तुभ तिवारी को माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर से मिला न्याय

केवलारी -अवधेश तिवारी की पुत्री कौस्तुभ तिवारी स्टाफ नर्स नर्सिंग ऑफिसर के पद पर जिला चिकित्सालय डिंडोरी मध्यप्रदेश में पदस्थ थी । वर्ष 2024 में मध्यप्रदेश सरकार के मास्टर इन इंट्रेस बोर्ड द्वारा परीक्षा आयोजित की गई थी जिसमें कौस्तुभ तिवारी ने मध्यप्रदेश में सातवां रैंक हासिल करके नर्सिंग आफ मास्टर्स की डिग्री प्राप्त किया था जिसकी नियुक्ति रानी दुर्गावती कॉलेज आफ नर्सिंग जबलपुर में हुई एडमिशन लेने के बाद डायरेक्टर ऑफ हेल्थ सर्विस भोपाल के द्वारा कोस्तुभ तिवारी को एनओसी नहीं दी जा रही थी।लगातार परेशान किया जा रहा था।बिना एनओसी के नियुक्ति अधर पर थी।भोपाल के 5 चक्कर लगाने के बाद लगी निराशा से हताश होकर कौस्तुभ तिवारी के द्वारा



जबलपुर के विद्वान अधिवक्ता विशाल डेनियल की शरण लेकर न्याय दिलाने की मांग की थी।विशाल डेनियल अधिवक्ता के द्वारा दिनांक 11/ 8/2025 को रिट पिटीशन याचिका डायरेक्टर आफ हेल्थ सार्विस भोपाल के विरुद्ध दायर की थी । जिसकी सुनवाई 19/8/2025 को उच्च न्यायालय जबलपुर के डबल बेंच के माननीय न्यायाधिपति श्रीमान अतुल श्रीधरन जी एवं माननीय न्यायधिपति श्री प्रदीप मित्तल जी ने सुनवाई करते हुए तत्काल आदेश जारी किया कि कौस्तुभ तिवारी को विभाग एनओसी जारी करे। कौस्तुभ तिवारी को मिले न्याय से कौस्तुभ तिवारी रानी दुर्गावती कॉलेज आफ नर्सिंग मे कार्यभार ग्रहण कर विद्वान अधिवक्ता -विशाल डेनियल को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# प्रदेश का नाम रोशन करने वाली अनुप्रिया कौरव का सम्मान किया गया

6 दिसंबर को होमगार्ड स्थापना दिवस के अवसर पर, राष्ट्रीय स्तर पर किक बॉक्सिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन करने वाली अनुप्रिया कौरव का सम्मान किया गया। उन्हें होमगार्ड के प्लाटून कमांडर श्रीमती लक्ष्मी बगोटिया, प्लाटून कमांडर धनेंद्र अंगारे, ए.एस.आई. आनंद कौशल, अन्य अधिकारीगण, आमंत्रित अतिथियों एवं आयोजन समिति द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।



हाल ही में हिमाचल प्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में अनुप्रिया कौरव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक अर्जित किए। इसके साथ ही 5 नवंबर 2025 को छिंदवाड़ा में आयोजित अस्मिता किकबॉक्सिंग सिटी लीग में भी उन्होंने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वर्तमान में अनुप्रिया कौरव भारत की टॉप रैंकिंग किकबॉक्सर हैं तथा राष्ट्रीय स्तर की बॉक्सिंग खिलाड़ी भी हैं। वे शीघ्र ही भोपाल में आयोजित अस्मिता किकबॉक्सिंग वेस्ट ज़ोन चैम्पियनशिप 2025 के लिए मध्यप्रदेश टीम चयन ट्रायल में भाग लेने जा रही हैं। कार्यक्रम के दौरान द अल्टीमेट फाइटर्स एकेडमी के संचालक एवं प्रमुख प्रशिक्षक निकेश पदमाकर तथा वरिष्ठ प्रशिक्षक योगेश नाविक भी उपस्थित रहे। अल्टीमेट फाइटर्स एकेडमी और जिला किकबॉक्सिंग संघ ने आयोजकों का धन्यवाद किया।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन ने घायल दम्पत्ति एवं बच्चे को पहुंचाया अस्पताल



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

रविवार को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन जी द्वारा दुर्घटना मे घायल दम्पत्ति एवं बच्चे को अस्पताल पहुंचाया गया। आज दोपहर समय भाजपा विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन ने बरेली से उदयपुरा के बीच हाइवे पर घटित दुर्घटना मे घायल दुपहिया वाहन पर सवार दम्पत्ति एवं उनके बच्चे को तत्काल अपने निजी वाहन मे बैठाकर उपचार हेतु बरेली (रायसेन) स्थित शासकीय अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर विधायक दिनेश राय मुनमुन ने घायल दम्पत्ति एवं बच्चे को उपचार हेतु भर्ती करा गंतव्य की ओर रवाना हुए।

# घंसौर में होने जा रहा सात दिवसीय 'श्रीमद् भागवत कथा' का भव्य आयोजन

**घंसौर** /सिवनी जिले की घंसौर तहसील में इस वर्ष धार्मिक माहौल एक बार फिर उल्लास से भरने वाला है। आगामी 15 दिसंबर 2025 से 21 दिसंबर 2025 तक सात दिवसीय सार्वजनिक संगीतमय "श्रीमद् भागवत कथा" का आयोजन किया जा रहा है। इस कथा का शुभ कार्यस्थल— सी.एम. राइस स्कूल के सामने, घंसौर निर्धारित किया गया है, जहाँ प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5:30 बजे तक कथा-वाचन होगा। कथा व्यास पीठ पर विराजमान कथावाचक पंडित अवतार कृष्ण जी शास्त्री द्वारा श्रीकृष्ण लीला, भक्तिरस, नीति, धर्म, अध्यात्म और जीवन मूल्यों से जुड़ी दिव्य कथाओं का वाचन किया जाएगा। भक्तों को सात दिन तक अध्यात्म एवं भक्ति के अमृत का रसपान कराने की संपूर्ण तैयारी कर ली गई है। विशेष धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला तैयार, अंतिम दिन भव्य पूर्णाहुति इस कथा महोत्सव के दौरान प्रतिदिन विविध धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला भी आयोजित की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम इस प्रकार निर्धारित हैं— 15 दिसम्बर 2025 – मंगल कलश स्थापना एवं पूजन 16 दिसम्बर 2025 – श्रीकृष्ण बाल लीला 17 दिसम्बर 2025 – श्री गोवर्धन लीला 18 दिसम्बर 2025 – श्री रुक्मिणी विवाह 19 दिसम्बर 2025 – सुदामा चरित्र 20 दिसम्बर 2025 – शुकदेव प्रवेश 21 दिसम्बर 2025 – कथा पूर्णाहुति व हवन कथा आयोजकों के अनुसार, अंतिम दिन हवन, आरती, प्रसाद वितरण तथा सामूहिक भंडारे की भी व्यवस्था रहेगी। कार्यक्रमों का संचालन अनुशासित और शांति से हो, इसके लिए स्थानीय ग्रामीणों की टीम जिम्मेदारी संभालेगी। समस्त ग्रामवासी मिलकर कर रहे आयोजन—भक्तों से अपील: उपस्थित रहकर धर्मलाभ प्राप्त करें यह धार्मिक आयोजन समस्त ग्रामवासी घंसौर एवं क्षेत्रवासी भक्तजन मिलकर कर रहे हैं। आयोजन समिति ने बताया कि यह कार्यक्रम न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि सामाजिक सद्भाव, एकता और सांस्कृतिक परंपरा को भी सुदृढ़ करता है। गाँव के बुजुर्गों के अनुसार, ऐसी कथाएँ समुदाय में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती हैं और युवा पीढ़ी को अपने धर्मग्रंथों से परिचित कराती हैं।

ग्रामीण महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने मिलकर मंच, प्रकाश, ध्वनि और अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। कथा स्थल पर बैठने की पर्याप्त व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई और सुरक्षा के लिए भी समुचित प्रयास किए जा रहे हैं। आयोजन समिति की अपील है कि अधिक से अधिक भक्त इस आध्यात्मिक अनुष्ठान में भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त करें तथा सामाजिक समरसता को मजबूत करें।

कुल मिलाकर, घंसौर नगर में दिसम्बर माह अध्यात्म और भक्ति के रंगों से सराबोर होने जा रहा है। भगवान श्रीकृष्ण की मधुर लीलाओं पर आधारित इस संगीतमय कथा का लाभ उठाने के लिए क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया गया है।

# गनेरी ग्राम में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक



**धनोरा** – चमार समाज की जिला स्तरीय बैठक गनेरी में संपन्न हुई जिसमें सिवनी जिला भर के चमार समाज के लोग धनोरा विकासखंड के अंतर्गत आने वाला ग्राम गनेरी में पहुंचे इस बैठक में पूर्व में गनेरी ग्राम में हुई डबल हत्या कांड के संबंध में ओर चमार समुदाय के लोगों से साथ हो रहे अत्याचार की विस्तृत चर्चा की गई जिसके संबंध में पूर्व में भी पुलिस अधीक्षक सिवनी को ज्ञापन के द्वारा अवगत कराया गया था ओर चमार समाज के प्रति लोगों के अंदर हीन भावना जाती वादी ओर कुरीतियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई इस बैठक में बसंत चौधरी, जुगलकिशोर नादौर , काशीराम बिहुनिया, खेमचंद चौधरी, चेतराम बकौड़े, मोहनलाल बिहुनिया, डोरीलाल अहिरवार, रज्जू अहिरवार, देवीलाल, नरेश वेदी, प्रकाश चौरे, राजेश बकौड़े, संतोष वेदी, संदीप वेदी, सुरेश वेदी, मदन अहिरवार, झाड़ूलाल अहिरवार, नंदन बकौड़े, दिनेश, शिवकुमार, मोहन बिहुनिया, रामस्वरूप अहिरवार, बसंत कुमार चौधरी, सकलू अहिरवार, बैसाखु लाल, नरेश, संतोष, मंगल, केवल,मनोज, अशोक, अम्मी शामिल हुए

## बसपा द्वारा आयोजित विचार संगोष्ठी संपन्न

# बहुजन समाज पार्टी द्वारा सिवनी में 6 दिसंबर को बाबा साहब डॉ अंबेडकर महापरिनिर्वाण दिवस पर जॉन स्तरीय

श्रद्धांजलि सभा एवं विचार संगोष्ठी संपन्न हुआ जिसमें बड़ी संख्या में बसपा कार्यकर्ता एवं संगठन के लोगों ने भाग लिया संगोष्ठी को संबोधित करते हुए बालकिशन चौधरी प्रदेश बसपा ने कहा बाबा साहब के संघर्ष एवं उनके द्वारा बनाए गए संविधान में मिले अधिकारों के कारण दलितों,अन्य पिछड़ावर्गों तथा आदिवासियों, अल्प संख्यक समाज के साथ साथ सभी वर्ग की महिलाओं को सर उठाके जीने एवं जिंदगी के हर क्षेत्र में आगे बढने का मौका मिला है फिर भी अभी संविधान में दिए गए सारे अधिकार नहीं मिल पाया है इसका मुख्य कारण है देश में अभी तक पूंजीवादी एवं जातिवादी सोच के दलों की



सरकार रही हैं जो वंचित वर्गों महिलाओं के साथ साथ सभी वर्ग के गरीबों का भला हो नहीं चाहते इसका जीता जगता उदाहरण निजी क्षेत्र को बढ़ावा देना है संगोष्ठी को उमाकांत बंदेवार जॉन प्रभारी ने संबोधित करते हुए बताया कि बाबा साहब ने देश को संविधान देने के साथ साथ एल आई सी,रिजर्व बैंक,विद्युत क्षेत्र में पवार ग्रिड सिस्टम के अलावा ,दामोदरघाटी परियोजना सरकारों की पंचवर्षीय योजनाएं बाबा साहब की देन है जिसे भुलाया नहीं जा सकता संगोष्ठी को अजाब शास्त्री जॉन प्रभारी बालाघाट, ज्ञानेश्वर गजभिए जॉन प्रभारी बालाघाट ने भी संबोधती किया एवं बाबा साहब के जीवन और संघर्ष से कार्यकर्ताओं को अवगत करते हुए कहा देश एवं प्रदेश में बसपा की सरकार बनाकर संविधान को पूर्णतः लागू करना ताकि बाबा साहब के साथ साथ बहुजन समाज में जन्मे महापुरुषों का सपना साकार हो सके कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी जिला एवं विधानसभा कमेटी का सराहनीय योगदान रहा

### जिला कांग्रेस ने मनाई डॉ. भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि

सिवनी, भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की पुण्यतिथि कार्यालय जिला कांग्रेस कमेटी इंदिरा भवन सिवनी में मनाई गई, सर्वप्रथम बाबा साहेब जी के छायाचित्र पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात उपस्थित कांग्रेस जनों द्वारा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने बाबा साहेब की पुण्यतिथि के अवसर पर उपस्थित कांग्रेस जनों को सम्बोधित करते हुये कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर जी का जीवन संघर्ष, समर्पण और सामाजिक परिवर्तन का प्रतीक है। उनका योगदान भारतीय समाज को एक नई दिशा देने में महत्वपूर्ण था, उन्होंने न केवल दलित, पिछड़ो और महिलाओं के अधिकारों के लिए संघर्ष किया, बल्कि समग्र भारतीय समाज को समानता, न्याय और बन्धुत्व की दिशा दी। श्री मरावी ने कहा कि भारतीय समाज के लिए सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में बाबा साहेब का अहम योगदान है जिसे कभी भुलाया नही जा सकता।

### नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता के मौलिक अधिकार के लिये राज्य शिक्षक संघ ने दिया ज्ञापन

राज्य शिक्षक संघ मप्र के प्रांतीय आह्वान पर आज प्रदेश के सभी ब्लॉक मुख्यालयों में वरिष्ठता और ई -अटेंडेंस की अनिवार्यता समाप्त करने के लिये ज्ञापन दिया गया! जिला मुख्यालय में राज्य शिक्षक संघ मप्र की सिवनी ब्लॉक इकाई ने माननीय मुख्यमंत्री मप्र शासन के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार सिवनी को सौपा। ज्ञापन के माध्यम से मप्र शासन से मांग की गई की मप्र के नवीन शिक्षक संवर्ग को उनकी प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता देते हुये समस्त आर्थिक लाभ प्रदान किये जावे। शासन द्वारा शिक्षकों की वरिष्ठता समाप्त करके पेंशन और ग्रेज्यूटी जैसे आर्थिक लाभो से वंचित किया जा रहा हैं।

# आधुनिक शिक्षा से परिपूर्ण बिल्डिंग के लोकार्पण करने में अभी एक वर्ष का समय लगने की संभावना, प्रिंसिपल ने किया अवलोकन

**केवलारी- शासकीय स्कुलो को प्राइवेट स्कुलो की तर्ज व केंद्रीयकृत आधुनिक शिक्षा प्रणाली की परिकल्पना के साथ मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रथम फेस मे प्रदेश मे 274 स्कुलो को सीएम राइज स्कूल के नाम से बर्ष 2021 मे आधार शिला रखी थी।**

जिसका लाभ शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय केवलारी-को मिला बर्ष 2023 मे विधानसभा चुनाव के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव बने जिंहोने सीएमराइज स्कूल का नाम बदलकर भगवान श्रीकृष्ण के गुरु महर्षि सांदीपनि के नाम से सांदीपनि विद्यालय नामकरण कर दिया। सीएमराइज स्कूल (सांदीपनि) के निर्माण के लिए चयनित भूमि नगर परिषद के बार्ड क्रमांक 14 बिनैकी आवास मे नवनिर्मित सांदीपनि विद्यालय की बिल्डिंग की आधार शिला दिनांक 19 फरवरी 2024को रखी थी।37 करोड़ रुपया की स्वीकृत राशि से बनने बाले अतिआधुनिक भवन को तैयार करने का समय से दुगुना समय लगने की स्तिथि बनी हुई है।

दिनांक 6 दिसंबर 2025को सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य एल आर बछालिया ने भवन निर्माण की बर्तमान स्तिथि का अवलोकन करने सांदीपनि विद्यालय की नव



निर्माणाधीन बिल्डिंग का अवलोकन किया, भवन की डिजाइन ओर उपयोगिता की जानकारी भवन निर्माण कम्पनी के कमलेश कुमार सीनियर इंजीनियर, अभिषेक यादव साइट इंजीनियर, रितेश कपूर साइट इंचार्ज से जानकारी प्राप्त किया। इंजीनियरों ने बताया गया कि 3 मंजिला माडल -2 बिल्डिंग का भ्रमण कराते हुये बताया कि बीडीसी बिल्डिंग डेवलपमेंट कारपोरेशन की डिजाइन 2 की बिल्डिंग का निर्माण कार्य 60% प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया हैं । 48 आधुनिक कमरो के साथ केजी -1 से 12 वीं तक सभी बिषयो से संचालित सांदीपनि विद्यालय मे मिड-डे मील्स ओपन हाल, गार्डन,खेल मैदान,समबेल दो लाख क्षमता का के साथ ग्राउंड फ्लोर मे पेयर के लिए दो हजार बच्चों की क्षमता का दीर्घा है।मध्यप्रदेश शासन के द्वारा अलाटमेंट राजस्व रकबे में से मेसर्स एएनव्ही कन्सन्ट्रेक्शन कम्पनी के द्वारा 8 82एकड़ मे निर्माण कार्य किया जा रहा है । बिल्डिंग का निर्माण की समय सीमा से अभी एक बर्ष का समय लगने की संभावना हैं ।

**कांक्रीट लोडर पम्प के स्ट्रोक से प्रोच गिरा था**

19 सितंबर 2025को सांदीपनि विद्यालय के निर्माणाधीन बिल्डिंग प्रोच के धाराशाही होने पर अभिषेक यादव इंजीनियर ने बताया की यह प्रोच टेक्निकल फाल्ट से नहीं गिरा इसके गिरने का मुख्य कारण कांक्रीट लोडर पम्प का स्ट्रोक शटरिंग मे लगने से गिरा था जिसकी जांच बीडीसी के द्वारा की गयी है।घायल हुये सभी मरीजों का इलाज कम्पनी ने किया है ।घायल मजदुरो को मजदुरी कम्पनी ने दिया है ,एक मरीज अभी इलाजरत है बाकी सब काम पर आ गये है।

एल आर बछालिया प्राचार्य सांदीपनि विद्यालय ने निरीक्षण के बाद कहा कि केंद्रीय कृत राष्ट्रीय शिक्षा नीति ओर आधुनिक परिवेश से सुसज्जित सांदीपनि विद्यालय के भवन बनने के बाद क्षेत्र को शिक्षा का नया मुकाम हासिल होगा ।शासन की शिक्षा नीति का लाभ हर विद्यार्थीयों को मिलेगा।

## कुदवारी की राशन दुकान में भ्रष्टाचार जारी

# थैली में कटौती कांटे में धांधली अब स्टॉक गायब!

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

तहसील घंसौर के कुदवारी स्थित सरकारी राशन दुकान इन दिनों कलाबाज़ारी का ऐसा अड्डा बन चुकी है जहाँ गरीबों का हक़ खुलेआम हजम किया जा रहा है, और जिम्मेदार महाशय ऐसी गहरी समाधि में लीन हैं कि उन्हें न गड़बड़ी दिखती है, न शिकायतें सुनाई देती हैं। जय लक्ष्मी स्व-सहायता समूह के नाम पर संचालित इस दुकान में असल में कमान 'परिवार के पुरुष' और सैल्समैन तुलाराम गोल्हानी के हाथ में है—और आरोपों के अनुसार




इन्हीं हाथों से गरीबों का राशन लगातार फिसल रहा है। घोटाला करने के ताज़ा फॉर्मेट पहले थैली में कम,फिर कांटे पर कटौती,और अब पूरा स्टॉक ही गायब करने की तैयारी! सूत्र बताते हैं कि घोटाले का यह नया 'अपग्रेडेड वर्जन' जिम्मेदार अधिकारियों की रहस्यमयी चुप्पी के दम पर फल-फूल रहा है। खबरों के बाद भी संज्ञान न लेना, सवाल खड़ा करता है कि आखिर मेहरबानी का यह सिलसिला क्यों जारी है..?जांच हो तो फूट पड़ेगा सच..!

स्टॉक रजिस्टर, ई-पॉस मशीन की लॉग रिपोर्ट और वितरण रजिस्टर का मिलान कर दिया जाए तो पूरा खेल मिनटों में उजागर हो सकता है।लेकिन यही तो असल सवाल है — क्या जांच होगी भी..?या फिर कमीशन की चुप्पी सब कुछ दबाए रखेगी..?सैल्समैन का खेल अब गरीबों की थाली में दिख रहा गाँववाले दहशत में हैं। हर महीने नया तरीका, हर वितरण में नई कटौती। किसी को पूरा अनाज नहीं, किसी की यूनिट 'कागज़ों में ही खत्म', और किसी के नाम पर आया स्टॉक गायब।आगे क्या होगा? गाँववालों में आशंका स्टॉक दुकान तक पहुँचेगा भी या नहीं..?कहीं और भेजकर 'नया अवतार' लिया जाएगा..?या कागज़ों में ही पूरा माल गायब कर दिया जाएगा..?सवाल बहुत हैंज्वाब देने वाला कोई नहीं। फिलहाल, कुदवारी की यह दुकान सरकारी सुविधा कम और घोटाले का खुला मंच ज्यादा लग रही है।

# पीजी कॉलेज में रेड रिबन क्लब के तत्वाधान में एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

विश्व एड्स दिवस 1 दिसंबर से 7 दिसंबर जागरूकता पखवाड़ा सप्ताह के अंतर्गत रेड रिबन इकाई प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस सिवनी ,शासकीय विधि महाविद्यालय सिवनी, शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी ,के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 6 दिसंबर2025 को वाद- विवाद /पोस्ट निर्माण/ नाटक /एवं रंगोली प्रतियोगिता/ का आयोजन किया गया। इस आयोजित कार्यक्रम में इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय सिवनी से एड्स जागरूकता नोडल अधिकारी डॉ जयज काकोडिया, आईसीटीसी श्री अशोक गोवंशी, काउंसलर फौजिया अंजुम, एवं पीजी महाविद्यालय प्राचार्य डॉ रवि शंकर नाग, रेड रिबन प्रभारी प्रो गनेश कुमार मंतारे, शासकीय विधि महाविद्यालय सिवनी रेड रिबन प्रभारी प्रो रामेश्वर शिववेदी ,शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी रेड रिबन प्रभारी डॉ एस आर नावांगे एवं डॉ मो राशिद खान ,के निर्देशन में आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ जयज काकोडिया ने बताया कि एड्स से जुड़े कई मिथकों ने लोगों के मन में घर बना लिया था ऐसे में जरूरत थी इस बीमारी के बारे में लोगों को जागरूक बनाने की। इसी तारतम्य में स्वास्थ्य मंत्रालय के गाइडलाइन के द्वारा स्कूल एवं कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। प्राचार्य डॉ रवि शंकर नाग ने अपने उद्बोधन में बताया कि व्यवधान पर विजय एड्स प्रति उत्तर में सुधार और लाल रिबन इस आंदोलन का वैश्विक प्रतीक है।

जागरूकता कार्यक्रम में प्रधानमंत्री कॉलेज आफ सिवनी एनएसएस इकाई के विद्यार्थी मीनाक्षी लांजेवार के समूह द्वारा मंचीय नाटक किया गया जिसमें बताया कि हमें भ्रांतियां से दूर रहना चाहिए। शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी के विद्यार्थियों ने नाटक एवं पोस्टर बनाकर जागरूकता का संदेश प्रसारित किया। शासकीय विधि महाविद्यालय सिवनी के विद्यार्थियों ने वाद विवाद में प्रश्नोत्तरी कर , रंगोली प्रतियोगिता में हिस्सा लिया । साथ ही आर्यावर्त पैरामेडिकल कॉलेज सिवनी,मारुति नर्सिंग कॉलेज सिवनी ,के विद्यार्थियों ने भी जागरूकता कार्यक्रम में बढ़-चढकर हिस्सा लिया ।

## नक्सलियों से अपील : सरकार की पुनर्वास योजना के तहत मुख्यधारा से जुड़े

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मौजूदगी में कान्हा भोरमदेव क्षेत्र के 10 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

### नक्सलवादियों में 4 महिला नक्सली भी शामिल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

सरकार नक्सलियों को हिंसा का रास्ता छोड़ने का अवसर दे रही है, वे आगे आएँ और पुनर्वास योजना के तहत मुख्यधारा से जुड़कर अपने जीवन को बेहतर दिशा दें। सरकार की पुनर्वास योजना केवल एक घोषणा नहीं, बल्कि प्रदेश सरकार की गारंटी है। जो भी व्यक्ति हिंसा छोड़कर समर्पण करेगा, उसे सम्मानजनक जीवन, सुरक्षा और पुनर्वास का पूरा अवसर दिया जाएगा। सरकार का उद्देश्य हर उस व्यक्ति को सुरक्षित भविष्य देना है जो विकास और शांति की राह पर चलना चाहता है।

यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बालाघाट पुलिस लाईन परिसर में आयोजित पुनर्वास से पुर्नजीवन कार्यक्रम में कान्हा–भोरमदेव जंगल क्षेत्र में सक्रिय 10 नक्सलियों के आत्मसमर्पण करने पर कहीं। उल्लेखनीय है कि इन नक्सलियों पर मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र सरकार द्वारा 2 करोड़ 36 लाख का ईनाम रखा गया था। इन नक्सलियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के समक्ष अपने हथियार देकर आत्मसमर्पण किया। इसके बाद सभी नक्सलियों को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारतीय संविधान की प्रति देते हुए शांतिपूर्ण जीवन जीने, समाज में लौटने और संविधान के मार्ग को अपनाने की बात कही।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा आज बालाघाट की धरती पर एक ऐतिहासिक पल देखने को मिला है। हिंसा का मार्ग छोड़कर मुख्यधारा में लौटना साहस और संकल्प का प्रतीक है। प्रदेश सरकार हर उस व्यक्ति का स्वागत करती है जो हथियार छोड़कर विकास और शांति का मार्ग चुनता है। नक्सलवाद एक बाधा नहीं, बल्कि चुनौती है, और हम सभी मिलकर इसे समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हिंसा से कभी समाधान नहीं मिलता, लेकिन विकास और सहयोग से हर समस्या का समाधान संभव है। उन्होंने सुरक्षा बलों की भूमिका की भी सराहना करते हुए कहा कि पुलिस, प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों को बधाई देता हूँ, जिन्होंने संयम, धैर्य और रणनीति के साथ काम करते हुए प्रदेश को नक्सल-मुक्त दिशा में आगे बढ़ाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा किसी के साथ अन्याय नहीं होने देंगे, लेकिन कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वाले और प्रशासनिक कार्रवाई में बाधा डालने वाले तत्वों को सरकार किसी भी हालत में बख्शेगी नहीं।

### मार्च 2026 का लक्ष्य अब जनवरी 2026 तक पूरा होगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री श्री शाह का अभिनंदन, जिनके नेतृत्व में लाल सलाम को अब आखिरी सलाम देने का समय आ गया है। उन्होंने बताया कि इस अभियान को मार्च 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन प्रदेश की सुरक्षा एजेंसियों और पुलिस के अदम्य साहस के कारण इसे अब जनवरी 2026 तक ही पूरा कर लेने का रोडमैप तैयार कर लिया गया है।





मुख्यमंत्री डॉ यादव ने मध्यप्रदेश पुलिस के साहस, पराक्रम और प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा यह मध्यप्रदेश पुलिस के शौर्य का दिन है। हमारे जवानों की वीरता और लगातार की गई कार्रवाई ने प्रदेश को नए आत्मविश्वास से भरा है। प्रदेश में नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत पुनर्वास और समर्पण नीति का असर लगातार दिखाई देने लगा है। हाल ही में मलाजखंड दलम की सुनीता ने हथियार त्यागकर शांति और विकास के मार्ग पर आगे बढ़ने का निर्णय लिया था, जिसके बाद अब यह क्रम और तेज हो गया है।आज भी दस सदस्यीय नक्सली दल ने भी हथियार डालकर सरकार की पुनर्वास योजना के अंतर्गत आत्मसमर्पण का निर्णय लिया।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में नक्सल उन्मूलन की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2025 में कुल 10 हार्डकोर नक्सलियों को सुरक्षा बलों ने धराशायी किया, जिन पर 1 करोड़ 46 लाख रुपए तक का ईनाम घोषित था। यह प्रदेश पुलिस की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। उन्होंने कहा कि इस अभूतपूर्व सफलता के बाद बालाघाट, मंडला और डिंडोरी जिले शीघ्र ही भारत सरकार की डेंजर लिस्ट से बाहर होंगे। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया केंद्र सरकार ने नक्सल उन्मूलन को लेकर जो लक्ष्य निर्धारित किया है, उसे सबसे पहले बालाघाट जिला पूरा करेगा।

### युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने की पहल

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बताया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में युवाओं को राष्ट्रवाद, विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए एकल सुविधा केंद्र के माध्यम से रोजगार व कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है। यह पहल युवाओं को हिंसा छोड़कर विकास की धारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। दूरस्थ वनांचलों में सुरक्षा बलों की पहुँच बढ़ाने के लिए नवीन अस्थायी कैंप स्थापित किए गए, जिनसे नक्सल गतिविधियों पर बड़ा अंकुश लगा है। विशेष रूप से हॉक फोर्स, पुलिस बल, कोबरा बटालियन, सीआरपीएफ ने कई संवेदनशील क्षेत्रों में सक्रिय होकर नक्सली नेटवर्क को कमजोर किया। नक्सल विरोधी अभियानों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों और जवानों को सरकार द्वारा आउट ऑफ टर्न प्रमोशन दिया जा रहा है। यह कदम सुरक्षा बलों के मनोबल को और मजबूत कर रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा इंस्पेक्टर शहीद आशीष शर्मा का बलिदान आज सार्थक हो गया है। नक्सल उन्मूलन के लिए उनका दिया गया बलिदान कर्तव्य के प्रति परम समर्पण को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने कहा भारतीय लोकतंत्र में हिंसात्मक गतिविधियों का कोई स्थान नहीं है।दुनिया की कोई ताक़त हमें रोक नहीं सकती। हथियार उठाने की अनुमति किसी भी व्यक्ति को नहीं दी जाएगी।

पुनर्वास से पुनर्जीवन के तहत नक्सलियों ने हथियार छोड़कर शांति और विकास की मुख्यधारा से जुड़ने का निर्णय लिया है जिसमे लाल सिंह मरावी, विक्रम उर्फ हिडमा, समर उर्फ समरू, शिल्पा, जयशीला, सलिता उर्फ सविता, नवीन उर्फ हिडमा, जरीमा, राकेश होड़ी, सुरेंद्र उर्फ कबीर है। इन सभी पर मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ सरकारों द्वारा कुल 2 करोड़ 36 लाख रुपये का ईनाम घोषित था। नक्सली आत्मसमर्पण अभियान में उल्लेखनीय काम करने वाले पुलिस कर्मियों को सम्मानित भी किया।

मध्यप्रदेश के पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना ने इस अवसर पर बताया कि देश में आजादी के बाद सबसे बडी अंतरिक समस्या नक्सलवाद थी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद से मुक्त करने का लक्ष्य रखा है।

इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रदेश में हाक फोर्स के बल में वृद्धि की गई। एंटी नक्सल अभियान के अंतर्गत नक्सल क्षेत्र में नये कैंप लगाये गये और इस अभियान को गति प्रदान की गई। 64 पुलिस अधिकारियों को आऊट आफ टर्न प्रमोशन दिया गया। नक्सलियों को आत्मसमर्पण कर मुख्य धारा में जुड़ने का अवसर दिया गया। नक्सल मुडभेड़ में शहीद जवान आशीष शर्मा के परिवार को 01 करोड़ रुपये की राशि दी गई है और उसके भाई को डीएसपी बनाया गया है। जिसके फलस्वरूप कान्हा-भोरमदेव डिविजन के 10 नक्सलियों ने आज आत्मसमर्पण किया है। इन नक्सलियों पर मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ एवं महाराष्ट्र सरकारों द्वारा 02 करोड़ 36 लाख रुपये का ईनाम घोषित था।

पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा ने इस अवसर पर बालाघाट जिले में नक्सल उन्मूलन के लिए चलाये गये अभियान की जानकारी दी और बताया कि बालाघाट जिले में वर्ष 1980 से यह लड़ाई शुरू हुई थी। नक्सल उन्मूलन अभियान के अंतर्गत जिले में नवाचार किये गये। एकल सुविधा केन्द्र खोले गये और नक्सल प्रभावित क्षेत्र के युवाओं को रोजगार से जोड़ा गया।

हाकफोर्स, सीआरपीएफ एवं जिला पुलिस बल के दबाव के कारण पिछले दो माह में 02 करोड़ 81 हजार 500 रुपये के ईनामी 11 नक्सलियों ने आत्म समर्पण किया है। सरकार ने जनवरी 2026 तक नक्सलवाद के खात्मे का लक्ष्य रखा है, लेकिन बालाघाट जिले में इस लक्ष्य को समय सीमा से पहले हासिल कर लिया गया है।

इस अवसर पर स्कूल शिक्षा एवं परिवहन व जिले के प्रभारी मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह, कटंगी विधायक श्री गौरव पारधी, वारासिवनी विधायक श्री विवेक पटेल, अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग की सदस्य श्रीमती मौसम बिसेन, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सम्राट सिंह सरस्वार, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, आईजी बालाघाट श्री संजय कुमार सिंह, आईजी सीआरपीएफ नीतू सिंह, कलेक्टर श्री मृणाल मीना सहित पुलिस विभाग का अमला मौजूद था।

## जारी धान की मिलिंग नीति से हो रही परेशानी, निराकरण का मिला आश्वासन

# राईस मिल एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को राईस मिलर्स की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

राईस मिल एसोसिएशन जिला बालाघाट ने रविवार को एक दिवसीय प्रवास पर बालाघाट आएं प्रदेश के मुख्यमंत्री डां मोहन यादव से भेंट कर मध्यप्रदेश के राईस मिलर्स की समस्याओं के निराकरण के संबंध में संरक्षक- अनिल चतुरमोहता, गंभीर संचेती, राजकुमार कावरे, प्रकाश सचदेवा, राकेश भटेरे, जितेंद्र मोनू भगत, एसो.जिलाध्यक्ष आनंद ठाकरे, महासचिव- समीर सचदेवा, अंकित अग्रवाल, मीडिया प्रभारी, उपाध्यक्ष- विनोद शर्मा, खेमचंद धनवानी, हिरदेश हीरवाने, अंकित संचेती, डुलेन्द्र पिंटू टेम्भरे, विजय मस्करे, अंकित अग्रवाल, सह सचिव- विजय घोष, अंशुल पाराशर, ज्ञान चौरड़िया, मुकेश पटले, आशीष असाटी, कोषाध्यक्ष विनोद राहंगडाले, सह कोषाध्यक्ष आकाश चावला सहित कार्यकारिणी सदस्यों के प्रतिनिधि मंडल ने एक हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेखित 02 दिसंबर 2025 को मध्यप्रदेश शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय के द्वारा पत्र कमॉक /FCS/434/0028-sec-1-29 (fcs) के माध्यम से वर्ष 2025-26 में उपार्जित होने वाली धान की मिलिंग नीति जारी की गई है। उक्त नीति के अंतर्गत राईस मिलर्स को धान की मिलिंग करने में निम्न समस्याओं का सामना करना पड रहा है।

**लोंडिग-अनलोडिंग का हो भुगतान:** जिसमें उपार्जन वर्ष 2024-25 में की गई मिलिंग पर दी जाने वाली अपग्रेडेशन राशि दिए जाने संबंधी आदेश आज दिनॉक तक जारी नही किए गए है। जिससे मिलर्स की आर्थिक स्थिति बहुत खराब हो गई है। अधिकांश मिलर्स बैंक डिफाल्टर होने की स्थिति में आ गए है। अतः अपग्रेडेशन राशि दिए जाने संबंधी और उपार्जन वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में की गई मिलिंग के अंतर्गत मिलर्स को धान चॉवल लोंडिग-अनलोडिंग का भुगतान किए जाने संबंधी आदेश आज दिनॉक तक जारी नहीं हुए है। उपार्जन वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में उपार्जन हेतु समितियों में राईस मिलर्स द्वारा जमा की गई बोरियों पर राज्यांश की उपयोगिता व्यय राशि का भुगतान किए जाने संबंधी आदेश आज दिनॉक तक जारी नहीं किए गए है। जिसकी वजह से उक्त राशि मिलर्स को अप्राप्त है। अतः उक्त राशि का भुगतान किए जाने संबंधी आदेश जारी करवाया जाएं।



**दी जाएं अपग्रेडेशन राशि:** शासन द्वारा उपार्जन वर्ष 2025-26 की मिलिंग हेतु जो नीति जारी की गई है उसमें किसी भी कण्डिका में पूर्व वर्षों की तरह भारतीय खाद्य निगम में चावल जमा करने पर रेशो अनुसार अपग्रेडेशन राशि दिए जाने संबंधी बात नही लिखी गई है एवं चूंकि मिलिंग उपरांत निकलने वाले रिजेक्शन एवं खण्डे से होने वाली हानि की प्रतिपूर्ति अपग्रेडेशन राशि के बिना मिलिंग कर पाना संभव नही है। अतः जारी कि गई नीति में संशोधन करके उसमें अपग्रेडेशन राशि दिए जाने संबंधी कंण्डिका जुड़वाया जाएं।

**एफआरके के लिए कम्पनीयां चयनित :** उक्त नीति में समय - समय में राईस मिल में भौतिक सत्यापन हेतू लिखा गया है, किन्तु वास्तविकता में मिलर्स को प्रदाय धान से निर्धारित अनुपात के अनुसार चॉवल की प्राप्ति नही होने के कारण भौतिक सत्यापन के समय स्टॉक के अंतर आता है। जिसके कारण मिलर्स मानसिक रूप से परेशानियो का सामना करना पडता है। मिलिंग एजेन्सी द्वारा चॉवल के साथ मिलाए जाने वाले एफआरके की सप्लाई के लिए कुछ कम्पनीयों को चयनित किया गया है। जिसमें मिलर्स को उन्ही कम्पनीयों से एफआरके खरीदने हेतू बाध्यता है। जिसका भुगतान मिलर्स द्वारा ही किया जाना है। इस हेतू एफआरके के भुगतान मिलर्स की प्राप्त रसीद के आधार पर सीधा विभाग द्वारा करवाया जाना सुनिश्चित किया जावें।

**पोर्टल पर अनुबंधित अवधी बढे:** मध्यप्रदेश के विपणन संघ के उपार्जन वालें जिलों में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 का अपग्रेडेशन राशि का भुगतान पोर्टल पर अनुबंध में निर्धारित 2 रूपये प्रति क्विंटल की पेनाल्टी के स्थान पर 5 रूपये प्रति क्विंटल की पेनाल्टी मिलर्स पर अधिरोपित की जा रही है। समय- समय पर मिलिंग एजेंसी या शासन द्वारा कस्टम मिलिंग के कार्य पर रोक लगाये जाने (समितियों में खरीदी का भौतिक सत्यापन, मौसम की खराबी के कारण उपार्जन पर रोक, भण्डारण एवं समितियों से उपार्जन का मिलान हेतू एवं अन्य कारणों) के कारण मिलिंग कार्य प्रभावित रहा, किन्तु पोर्टल पर अनुबंधित अवधी का समय बढाया नही गया है। जिसके कारण राईस मिलर्स पर पेनाल्टी पोर्टल पर अधिक प्रदर्शित हो रही है। अतः इन कारणों से लगने वाली पेनाल्टी को माफ किया जावें। राईस मिल एसोसिएशन जिला बालाघाट के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डां मोहन यादव से मांग करते हुए कहा, राईस मिलर्स की उक्त समस्याओं का निराकरण किया जावें। जिससे प्रदेश के मिलर्स वर्तमान में उपार्जित धान की मिलिंग का कार्य प्रारंभ कर सके। जिसके निराकरण की बात मुख्यमंत्री ने कही।

## किसान गर्जना ने दी आंदोलन की चेतावनी

# धान खरीदी केंद्र में परिवर्तन से किसानों में आक्रोश

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** धनकोषा धान खरीदी केंद्र बंद होने से 04 गांवों के किसान सोमवार को तहसील मुख्यालय कटंगी में किसान गर्जना के नेतृत्व में आंदोलन करने की तैयारी में है। धनकोषा, पौनिया, डोंगरगांव और बोल डोंगरी के किसान इस आंदोलन में शामिल होगें। किसान गर्जना के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष राहंगडाले और ब्लॉक अध्यक्ष भरतलाल बिसेन ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को धनकोषा में किसानों ने सोसायटी प्रबंधक से चर्चा कर धान खरीदी केंद्र को यथावत रखने की मांग की है। जिसके बाद गांव में बैठक कर यह निर्णय लिया गया है कि अगर सोमवार तक केंद्र को यथावत रखे जाने का प्रशासनिक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन किया जाएगा। धनकोषा में करीब 50 वर्षों से सोसायटी का संचालन होता है और यहीं पर 08 गांवों के किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी होती है। दो वर्ष पूर्व 04 गांवों के किसानों को परिवहन में होने वाली समस्या को देखत हुए बोथवा को उपकेंद्र बनाया गया अब बोथवा उपकेंद्र को प्रमुख धान खरीदी केंद्र बना दिया गया है और धनकोषा केंद्र को बंद कर दिया गया है। जिससे 04 गांवों के किसानों में आक्रोश है। किसान धनकोषा को यथावत केंद्र बनाने की मांग कर रहे है। किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर केंद्र को पुनः प्रारंभ नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा। जिसकी सारी जवाबदेही प्रशासन की होगी।

जानकारी के अनुसार इस वर्ष नागरिक आपूर्ति निगम के जरिए समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी हो रही है। इस विभाग के पास कर्मचारियों की कमी है। ऐसे में विभाग ने धनकोषा की बजाए बोथवा में ही खरीदी केंद्र बनाने का निर्णय लिया है। विभाग के इस निर्णय का 04 गांवों के किसान विरोध कर रहे है। इन किसानों का कहना है कि धनकोषा को यथावत प्रमुख केंद्र और बोथवा को उपकेन्द्र रखा जाए ताकि किसानों को परेशान ना होना पड़े। 01 दिसंबर से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी शुरू हो चुकी है किंतु धनकोषा में केंद्र को लेकर चल रहे विवाद के कारण किसान अपनी उपज नहीं बेच पा रहे है। किसानों ने अपने घरों में अपनी उपज को लाकर रखा है जिसकी निगरानी के बीच अब उन्हें केंद्र को यथावत रखने के लिए अलग से लड़ाई लड़नी पड़ रही है।



# जिप.सदस्य प्रकाश ऊके ने बैसाखी व व्हीलचेयर दिव्यांगजन के घर तक पहुंचा दी, खिल उठे चेहरे

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

खैरलांजी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम भौरगढ के जनसेवक व जिला पंचायत सदस्य प्रकाश ऊके के द्वारा निश्चित तौर से सामाजिक कार्यो में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर अन्य लोगो के लिए प्रेरणादायक काम उनके द्वारा किया जा रहा है। शनिवार को जिला पंचायत सदस्य प्रकाश ऊके भजियादंड में 25 वर्षीय अनिल सोहन लाल धुर्वे के घर में पहुंचकर उन तक बैसाखी पहुंचा दि और उन्हें सरकार की योजना से लाभान्वित किया। बैसाखी पा कर अनिल धुर्वे ने खुशी जाहिर की और चेहर खिल उठा । साथ ही चिखलाबांध के दिव्यांगजन अमित सुबेलाल बिठले 30 वर्षीय को उनके घर तक जिप.सदस्य प्रकाश ऊके के द्वारा व्हीलचेयर पहुंचा दि। व्हीलचेयर पाकर अमित ने खुशी जाहिर की और शासन की योजना की सहारना करते हुए जिप.सदस्य प्रकाश ऊके का आभार व्यक्त किया।



जिप.सदस्य प्रकाश ऊके ने बताया की महापुरुषो से प्रेरणा लेते हुए एक जनप्रतिनिधी के तौर पर सेवाभाव से सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने का प्रयास कर रहा हू।

### बकेरा में 22 ग्रामीणों ने ली टीम अटल की सदस्यता

**वारासिवनी।** टीम अटल के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रामपायली में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन के बाद से वारासिवन-खैरलाजी विधानसभा क्षेत्र में टीम अटल का महासदस्यता अभियान बेहद तीव्र गति से चल रहा है। इस टीम अटल में अधिकांशतः भूतपूर्व विधायक डॉ. योगेन्द्र निर्मल के समर्थकों के साथ ही भाजपा के कार्यकर्ता व नेता भी लगातार शामिल हो रहे है। जो आगामी भविष्य में होने वाले पंचायत व विधानसभा चुनावों में भाजपा के लिए घातक हो सकता है। इसी महासदस्यता अभियान के तहत टीम अटल के संस्थापक डॉक्टर योगेंद्र निर्मल भूतपूर्व विधायक वारासिवनी ने अपने साथियों के साथ ग्राम बकेरा पहुॅचे।

## सरपंच आनंद बिसेन के नेतृत्व में महिलाओं ने खोला मोर्चा

# कंजई में महिलाओं द्वारा निकाली गईं नशा मुक्ति जागरूकता रैली

**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।** गांव में संपूर्ण नशा मुक्ति अभियान को लेकर महिला संगठन कंजई द्वारा रविवार को ग्राम पंचायत के कर्मठ लोकप्रिय सरपंच आनंद बिसेन के कुशल नेतृत्व और संरक्षण मार्गदर्शन दिशानिर्देश पर व ग्राम के स्थाई पुलिस पटेल आशीष बिसेन , उपसरपंच अनुराधा तिरेंद्र कुमरे , ग्राम पंचायत के समस्त पंच गणों, ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों के उपस्थिति में नशा मुक्ति और शराब बंदी के खिलाफ नारे लगाते हुए, रैली का शुभारंभ ग्राम पंचायत भवन कंजई से प्रारंभ कर कंजई बस्ती, कंजई टोला, शिव टोला, कॉलोनी पैदल चल कर नशा मुक्ति का संदेश दिया, साथ ही सरपंच श्री बिसेन द्वारा जगह, जगह शराब बेचने वालों शराब निकालने वालों को उचित सलाह देते हुए हिदायत भी दी गई. गांव में ओवैस गांव में शराब की बिक्री को लेकर महिलाए आक्रोश में है।




# सेरीग्रेशन शेड निर्माण में की गई धांधली, मौसम की पहली ही मार में उखाड़ कर गिरे टीन शेड

### मामला ग्राम पंचायत ककोड़ी: जप किरनापुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत ककोड़ी में 6,01लाख की लागत से बना गुणवत्ताहीन सेरिग्रेशन शेड

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** 03वर्ष पहले गांव को स्वच्छ व सुंदर बनाने किरनापुर के ग्राम पंचायत ककोड़ी में सेरिग्रेशन शेड निर्माण कार्य 2021 से 22 में किया गया था। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद भी ग्रामीण को सेरिग्रेशन शेड का लाभ नहीं मिल पा रहा है। वहां पर झाड़ियां उग आई है साफ़ सफाई का कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।इसके बाद भी ग्राम की सीमा रेखा से काफी दूर होने से इसका उपयोग भी ठीक तरह से नहीं हो पा रहा है। किरनापुर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत ककोड़ी में स्वच्छ भारत अभियान के तहत सेरिग्रेशन शेड निर्माण तो हुआ है, और निर्माण कार्य पूर्ण होने, रंग रोगन के बाद भी यह पूर्ण रूप से भी तैयार हो चुका है। परंतु ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों और शासकीय कर्मचारियों ने शासन के लाखों रुपए की बड़ी घटिया निर्माण की बलि चढ़ा दी। और सेरिग्रेशन शेड निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग करना लाखों रुपए का फेर करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है, जिसका ताजा उदाहरण ग्राम पंचायत ककोड़ी में 15 वित एवं मनरेगा योजना से 6,01 लाख खर्च कर बनाए गए शेरिग्रेशन शेड निर्माण में देखने को मिला जहां हाल ही में बनकर तैयार हुए सेरिग्रेशन शेड की छत पर लगाई गई टीन शेड मौसम की पहली ही मार नहीं झेल पाया और तीन छेद उखाड़ मैदान पर आ गिरी है जिसका ना तो पंचायत के अधिकारियों को शुध है और ना ही ग्राम के ग्रामीणों को हालांकि उखड़े सेरिग्रेशन शेड के आंधी तूफान में उखड़े टीनन शेड की चपेट में कोई ग्रामीण नहीं आया वरना किसी बड़े गंभीर हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता था।

**दीवार पर नहीं लिखे गए स्लोगन:** जी हां सेरिग्रेशन शेड में पंचायत द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की पूर्ण गुणवत्ता विहीन कार्य ही नहीं खोल पा रहे हैं बल्कि निर्माण का पूरा होने के बाद पंचायत की जनप्रतिनिधियों व कर्मचारियों ने दीवारों को चूने से पोतकर छोड़ दिया है जबकि इस सेरिग्रेशन शेड निर्माण कार्य को पूर्ण होने के बाद स्वच्छ भारत अभियान के तहत रंग रोगन के साथ प्लास्टिक हटाओ, बीमारी भगाओ स्लोगन भी लिखे जाने थे नहीं किए गए वहीं कुछ दिनों में अब सेरिग्रेशन शेड पूरी तरह बदहाल हो जाएगा ।और सेरिग्रेशन शेड ग्रामीणों के लिए मात्र शोपीस बन कर रहे जाएगा ,वहीं 6 लाख 01हजार खर्च करने के बाद भी ग्रामीणों को स्वच्छ भारत सुंदर गांव का वातावरण मिलेगा ऐसी कोई उम्मीद नहीं है।

ग्राम पंचायत ककोड़ी के प्रभारी सचिव सीताराम घोरमारे ने सेरिग्रेशन शेड के निर्माण कार्य को लेकर बताया गया कि मेरे से पूर्व सचिव के द्वारा 2021 -22में बनाया गया था मैं अभी वर्तमान में प्रभार में हूं मुझे इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है।